हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 1 मार्च 2025



# जिले के 88 केंद्रों में आज से बोर्ड की परीक्षा, दसवीं-बारहवीं के 22 हजार छात्र होंगे शामिल, पुलिस की सुरक्षा में पहुंचेंगे पेपर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित की जाने वाली दसवीं-बारहवीं की बोर्ड परीक्षा आज से शुरू होने जा रही है। आज 12वीं कक्षा के परीक्षार्थी हिंदी का पेपर देने केंद्रों में पहुंचेंगे। जिले में परीक्षा के लिए कुल 88 केंद्र बनाए गए हैं। आज होने वाली 12वीं की परीक्षा में 9131 बच्चे शामिल होंगे। परीक्षा से पहले सभी केंद्राध्यक्ष पुलिस बल की सुरक्षा के बीच थानों से प्रश्न पत्र लेकर केंद्र तक पहुंचेंगे। वहीं ग्रामीण इलाकों में परीक्षा के बाद उत्तर पुस्तिकाएं भी सुरक्षा के बीच थानों में जमा होगी।

परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों के उपयोग पर अंकुश लगाने के लिए आकस्मिक निरीक्षण के लिए उड़नदस्ता दल का भी गठन किया गया है। जिले में तीन दल बनाए गए हैं। जिनकी जिम्मेदारी केंद्रों में दस्तक देकर जांच कराना होगा।

माशिम के आदेश अनुसार उड़नदस्ता दल में शिक्षकों के साथ ही अलग से अनुविभागीय दंडाधिकारियों एवं तहसीलदारों के साथ अन्य विभाग के अधिकारियों को भी केंद्र निरीक्षण के काम में लगाने कहा गया है। जिला शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार परीक्षा को लेकर जारी दिशा-निर्देश के अनुसार शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जा चुकी है। ज्ञात हो कि आज से शुरू होने जा रही बोर्ड की परीक्षा आगामी 26 मार्च तक चलेगी। इस बीच बारहवीं के परीक्षार्थी 7 और दसवीं के बच्चें 8 विषय की परीक्षा देंगे।

## बारहवीं का पहला पर्चा हिन्दी विषय का आज, महकमे ने पूरी की तैयारियां

### 10वीं में बच्चे अधिक

जिला शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में परीक्षा के लिए कुल 88 केंद्र बनाए गए हैं। इनमें दसवीं के 13148 और बारहवीं के 9131 परीक्षार्थी शामिल होंगे। 12वीं कक्षा की परीक्षा आज से शुरू होने जा रही है। वहीं दसवीं कक्षा की पहली परीक्षा आगामी तीन मार्च को होगी।



### 1-4 की सुरक्षा में रहेगी उत्तर पुस्तिकाएं

शहरी इलाकों में परीक्षा के उपरांत उत्तर पुस्तिकाओं को संकलन कर सीधे स्ट्रांग रूम में रख दिया जाएगा, जहां पर सुरक्षा के लिए 1-4 का सशस्त्र पुलिस बल तैनात किया जाएगा। वहीं ग्रामीण इलाकों के केंद्रों से उत्तर पुस्तिकाओं को समीपस्थ थानों में जमा कराया जाएगा। बल की व्यवस्था करने के लिए सीजी बोर्ड की चेयरमैन ने सभी जिलों के एसपी को भी पत्र लिखा है।

**आधे घंटे पहले मिलेंगे प्रश्न पत्र :** परीक्षा के सुरक्षा की दृष्टिकोण से यह भी साफ कर दिया गया है कि सभी केंद्राध्यक्ष परीक्षा समय से आधे घंटे पहले समीपस्थ थानों से प्रश्न पत्र लेकर आएंगे, जिस दिन जिस विषय की परीक्षा होगी, उसी विषय का प्रश्न पत्र निकाला गया है या नहीं इसकी जांच के लिए अलग से एक अधिकारी की भी तैनाती सभी थानों में की जाएगी। केंद्राध्यक्ष के प्रश्न पत्र निकालते समय एक फार्मेट में प्रश्न पत्र निकालने का समय, पहुंचने का समय, दिनांक जैसी जानकारी दर्ज की जाएगी।

# प्री-बोर्ड के जरिये किया परीक्षा के लिए तैयार 70% का बेहतर प्रदर्शन

**राजनांदगांव।** माशिम की बोर्ड परीक्षा से पहले शिक्षा विभाग ने सभी सरकारी स्कूलों में प्री-बोर्ड परीक्षा आयोजित की थी। इस परीक्षा के जरिये दसवीं-बारहवी के बच्चों को बोर्ड परीक्षा के लिए तैयार किया गया। जिले में 70% से अधिक बच्चों ने प्री-बोर्ड में बेहतर प्रदर्शन किया। जिससे इस बार बोर्ड में जिले का प्रदर्शन बेहतर रहने की उम्मीदें बढ़ गई है। वहीं मेधावी बच्चों को विषय विशेषज्ञों के जरिये क्लासेस आयोजित कर तैयारी कराई गई है। जिससे मेरिट सूची में भी जिले के अधिक से अधिक बच्चे शामिल हो पाए। जिला शिक्षा अधिकारी पीएस बघेल ने बताया कि जिला एवं ब्लॉक स्तर पर भी क्लासेस आयोजित कर बच्चों को बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार करने का काम पिछले तीन महीने में किया गया है। वहीं प्री-बोर्ड परीक्षा के बाद जिन बच्चों का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं रहा, उनकी भी अतिरिक्त कक्षाएं लेकर तैयारियां कराई गई है।

**दसवीं में शामिल हुए 12890 बच्चे :** जिला शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित प्री-बोर्ड परीक्षा में जिले की 167 सरकारी स्कूलों के बच्चे शामिल हैं। इनमें कुल 12890 बच्चों ने परीक्षा दी। जिनमें से 69.95 फीसदी यानि 9376 बच्चे उत्तीर्ण हुए। वहीं 3514 बच्चे परीक्षा पास नहीं कर पाए। विभाग ने 283 कमजोर बच्चों का चिन्हांकन किया था। जिनके लिए अतिरिक्त कक्षा लगाकर उनकी तैयारी कराई गई।

### 12वीं में 73 फीसदी पास

जिले की 116 सरकारी स्कूलों में प्री-बोर्ड के जरिये 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों की परीक्षा ली गई। इनमें 9253 बच्चे शामिल हुए। जिनमें से 73.82 फीसदी यानि 6904 बच्चों ने परीक्षा पास की। वहीं 26.17 प्रतिशत यानि 2349 अनुत्तीर्ण हुए। 182 कमजोर बच्चों को तैयारी कराने के लिए अतिरिक्त कक्षाएं लगाई गई थी।

## ग्रामीणों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर लगाई गुहार

# 15 हजार ट्यूबवेल से 45 गांव में लो-वोल्टेज, गहराया जलसंकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के लालबहादुर नगर और सड़क चिरचारी क्षेत्र के लगभग 18 गांव में लो-वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। जिसके चलते किसान अपने खेतों में सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। वहीं ट्यूबवेल नहीं चलने से गांव में पेयजल की समस्या भी हो रही है। लगभग 18 गांव के सैकड़ों किसानों ने आज कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर को अपनी समस्याओं से अवगत कराया है। वहीं समस्या के जल्द समाधान के लिए गुहार लगाई है।

जिले के लाल बहादुर नगर, सड़क चिरचारी, कोठीटोला, भरकाटोला, गोविंदपुर सहित लगभग 18 गांव में लो-वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। आलम यह है कि यहां पर्याप्त बिजली नहीं मिलने के चलते कृषि कार्य प्रभावित हो गया है, फसले सूखने लगी है और किसानों को मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे सैकड़ों किसानों ने कहा कि लो-वोल्टेज की वजह से वह अपने खेतों में सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। खेतों में धान और दलहन की फसलें लगी हुई है। सिंचाई नहीं होने से फसलों को नुकसान हो रहा है।

## समस्या के समाधान के लिए कलेक्टर ने दिए निर्देश



### योजना बनाई जा रही

इस पूरे मामले को लेकर राजनांदगांव कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि इन क्षेत्रों में ज्यादा ट्यूबवेल होने से ओवरलोड हो रहा है। इस क्षेत्र में 132 केवी का विद्युत सब-स्टेशन सितंबर माह तक बनकर तैयार हो जाएगा। उन्होंने कहा कि फिलहाल समस्या के समाधान के लिए क्षेत्र के हिसाब से अलग-अलग समय को लेकर बिजली आपूर्ति हेतु व्यवस्था बनाई जाएगी। इसके लिए सीएसईबी इस पर प्लान बना रही है। किसानों के साथ बैठक कर समय निर्धारित किया जाएगा।

### दो-तीन महीनों से समस्या

कलेक्टर कार्यालय पहुंचे किसानों ने कहा कि लो-वोल्टेज की समस्या क्षेत्र में लगभग दो-तीन माह से बनी हुई है। कई बार विद्युत मंडल और स्थानीय अधिकारियों को शिकायत करने के बाद भी इस दिशा में कोई प्रयास नहीं हुआ, समस्या जस की तस है। विद्युत मंडल के अनुसार इस पूरे क्षेत्र में लगभग 15000 ट्यूबवेल है। जिसके चलते ओवरलोड हो रहा है और इस वजह से लो-वोल्टेज की समस्या आ रही है।

### पानी के लिए रतजगा

इस क्षेत्र में लो-वोल्टेज की वजह से ट्यूबवेल नहीं चल पा रहे हैं। किसान अपने खेतों में रतजगा कर पंप चलाने की कोशिश कर रहे हैं। आधी रात वोल्टेज आने पर चंद मिनट ही पंप चल पाता है। ऐसे में किसान खेत में ही रह रहे हैं। भरकाटोला से पहुंचे किसान बाबूलाल सिन्हा का कहना है कि रात को पंप चलाने के लिए खेत में ही रूकना पड़ रहा है।

### विधायक ने कहाः मुझसे न होगा

गोविंदपुर से कलेक्टर कार्यालय पहुंचे किसान मोहित साहू का कहना है कि दिनभर में लगभग 8-10 घंटे ही बिजली मिलती है, वह भी लो-वोल्टेज रहता है। जिसकी वजह से विद्युत उपकरण नहीं चला पा रहे हैं। उनका कहना है कि समस्या को लेकर उन्होंने स्थानीय विधायक दलेश्वर साहू से भी गुहार लगाई थी, लेकिन विधायक ने इस मामले में कुछ नहीं कर पाने की बात कही। इसके बाद वह कलेक्टर कार्यालय पहुंचे हैं।

# सरपंच विजय जुलूस के दौरान मारपीट, चाकूबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गांव में सरपंच का विजय जुलूस के दौरान नाचने-गाने का माहौल था, तभी आरोपी ने गाली-गलौज करते मारपीट की एवं चाकू से हमला कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने मौके से फरार हुए आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत 27 फरवरी को प्रार्थी मनोज कुमार साहू उम्र 38 साल साकिन कुतुलबोड भाठागांव ने रिपोर्ट दर्ज कराया किया कि 26 फरवरी को शाम लगभग 6 बजे ग्राम कुतुलबोड़ भांठागांव में सरपंच पद पर विजयी हुई प्रत्याशी द्वारा विजय जुलूस निकाला गया था। जिसमें गांव के लोग नाच गा रहे थे। जुलूस में नाचने-गाने के दौरान गांव के धर्मेश कुमार साहू व रोशन कुमार के बीच वाद-विवाद और गाली-गलौज हो गया। पुरानी रंजिश के चलते और इस घटना से आवेश में आकर रोशन ने अपने पास रखे धारदार चाकू से धर्मेश कुमार साहू के पेट पर वार किया। जिससे धर्मेश वहीं गिर गया। आरोपी चाकू से उस पर और वार करने वाला था, तभी गांव के लोगों द्वारा बीच-बचाव किया गया। रिपोर्ट पर धारा 296, 351(3), 109(1) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
डॉ. कल्याण श्याम वझलवार
हमारी बाल चिकित्सा देखभाल और सेवाएं
- टीकाकरण
- नेबुलाइजेशन
- ओ.पी.डी. (बाह्य रोगी विभाग)
- आई.पी.डी. (इनपेशेंट विभाग)
- CPAP सतत सकारात्मक वायुमार्ग दबाव चिकित्सा
- वेंटिलेटर
- एन.आई.सी.यू. नवजात गहन चिकित्सा इकाई
- पी.आई.सी.यू. बाल चिकित्सा गहन चिकित्सा इकाई
- बिलीकेयर टेस्ट गैर इनवेसिव बिलीरूबिन मापक
- ओटोअकॉस्टिक एमिशन टेस्ट (OAE)
- नवजात बच्चों की सुनने की क्षमता के लिए जाँचें

OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

# शराब सेवन कर स्कूल पहुंचा शिक्षक निलंबित, प्रधान पाठक को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास कुमार सिंह बघेल ने विकासखंड डोंगरगढ़ अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला दमऊदहरा के सहायक शिक्षक एलबी गणेशराम साहू को तत्काल निलंबित कर दिया है।

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि विकासखंड शिक्षा अधिकारी डोंगरगढ़ द्वारा सहायक शिक्षक गणेशराम साहू के विरूद्ध शिकायत के आधार पर जांच कराया गया। जांच प्रतिवेदन अनुसार सहायक शिक्षक गणेशराम साहू शराब सेवन कर शाला में उपस्थित पाया गया, जो कर्मचारी आचरण संहिता के विपरीत है। यह क्रियाकलाप पदीय कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही एवं अनुशासनहीनता को प्रदर्शित करता है, जो कदाचरण की श्रेणी में आता है। यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम के विपरीत है। निलंबन की अवधि में श्री साहू का मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी डोंगरगांव होगा। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। साथ ही जांच के दौरान विकासखंड डोंगरगढ़ अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला दमऊदहरा के प्रधान पाठक रितुराज धुर्वे बिना अवकाश आवेदन के अनाधिकृत रूप से 24 से 28 फरवरी तक अनुपस्थित पाए जाने पर उन्हें कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। निर्धारित समय में संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं होने पर संबंधित के विरूद्ध एक पक्षीय कार्रवाई की जाएगी।

## 8 को छत्तीसगढ़ से रवाना होंगे भिक्खु धम्मतप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महाबोधि महाविहार (बीटीएमसी) एक्ट 1949 असंवैधानिक घोषित करने के लिए अनिश्चितकालीन आंदोलन में बैठे बौद्ध भिक्खु व उपासक-उपासिकाओं के समर्थन में छत्तीसगढ़ भिक्खु संघ के माध्यम से आगामी 8 मार्च को सुबह 5.08 बजे रेल गाड़ी संख्या 22357 से दुर्ग से गया के लिए रवाना होंगे। आंदोलन समर्थक छत्तीसगढ़ वापस आने 12 मार्च को रेल गाड़ी संख्या 22358 से गया से दुर्ग आ सकते हैं।

## माय एंगल




# बाहर से आए मुसाफिरों, फेरीवालों की पहचान के लिए पुलिस ने चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में चोरी व आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने संदिग्धों की चेकिंग अभियान चलाया है। इस दौरान बाहर से आए मुसाफिरों, फेरीवालों की भी पहचान की जा रही है। होटल-ढाबों फुटपाथ में रह रहे लोगों की भी जांच पड़ताल की जा रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में शहर में हो रहे चोरी आदि की घटना की रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत मुसाफिर चेक किया जा रहा है। साथ ही संदिग्ध, किरायेदारों की भी चेकिंग की जा रही है। इसी तारतम्य में थाना बसंतपुर द्वारा विगत दो दिन में थाना बसंतपुर क्षेत्रांतर्गत दीगर राज्य व जिले से आए 15 मुसाफिर, फेरीवालों की तस्दीक किया गया।

जिनके क्रियाकलाप ज्यादा संदेहास्पद पाए जाने पर 32 लोगों का थाना में फिंगर प्रिंट भी लिया जाकर उनके पहचान संबंधी दस्तावेज को तस्दीक किया। संदिग्धों को उनके वास्तविक निवास स्थान के थानों से उनकी तस्दीकी की जा रही है। मुसाफिरों का बीसी रोल जारी किया जा रहा है। शहर में बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाने थाना बसंतपुर पुलिस की आगे भी यह कार्रवाई जारी रहेगी।



## खबर संक्षेप

### मानस की मधुर प्रस्तुति



**मानपुर।** स्थानीय शिव मानस मंच ने गत दिनों दो दिवसीय स्वसर मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन किया। विभिन्न मानस मंडलियों ने स्पर्धा में शामिल होकर मानस का मधुर गायन किया।

### शाला में शिक्षक का स्वागत

**डोंगरगढ़।** प्राथमिक शाला भरकाटोला में प्रधानपाठक राजकुमारी साहू के मार्गदर्शन में ग्रामवासियों एवं शाला परिवार ने अध्यापन व्यवस्था के तहत आए शिक्षक ऋतुराज साहू का स्वागत किया। इस अवसर पर सेवानिवृत शिक्षक पूरनलाल साहू, ग्राम पटेल खोरबारहाराम कंवर, शाला अध्यक्ष देवीलाल ठाकुर, अशोक कुमार कंवर, सविताबाई कंवर, दुलेशबाई कंवर, किरण सिन्हा, भुनेश्वरी बंजारे, पवनबाई, गौतम कंवर, बाबूलाल सिन्हा, पोखराम कंवर, महाराराम कंवर आदि मौजूद थे।



### श्रद्धा से मनायी महाशिवरात्रि



**डोंगरगढ़।** स्लीपर फैक्ट्री के बगल में स्थित मंदिर में महाशिवरात्र पर्व श्रद्धा के साथ मनाया गया। लोगों ने शिव के दर्शन और पूजा अर्चना किया। इस मौके पर भोजन प्रसादी वितरण किया गया। कार्यक्रम में मंदिर ट्रस्ट समिति अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, हरविंदरसिंह मंगे, वीरेंद्र अग्रवाल, गुरमीत सिंह पटियाला, रतन भैया, पार्षद रतन कोसे आदि शामिल हुए।

### पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ दो को

**डोंगरगांव।** ग्राम मोहड़ में आगामी दो मार्च को एक दिवसीय पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन रखा गया है। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज के मार्गदर्शन में आगामी 2 मार्च को प्रातः 8 बजे से संगीतमय देव आह्वान, देव पूजन के बाद पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार संपन्न होंगे। शाम 4 बजे से दीप महायज्ञ होगा। कार्यक्रम का संचालन अखिल विश्व गायत्री परिवार के जिला प्रमुख जयप्रकाश सिन्हा एवं ब्रह्मनंद करेंगे।



### रेणु बनी अंडी की सरपंच

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत अंडी में सरपंच के लिए हुए चुनाव में रेणु किशन दास वैष्णव निर्वाचित हुई है। उन्होंने अपनी निकटतम प्रतिद्वंदी करिश्मा जसवीर सिंह को 368 वोटों के अंतर से पराजित किया। श्रीमती वैष्णव के जीतने से ग्रामीणों में खुशी की लहर देखा गया।

### बैठक में मची रही खींचतान

**डोंगरगढ़।** नगर पालिका चुनाव के बाद स्थानीय भाजपा कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। जिला पदाधिकारियों एवं चुनाव प्रभारी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों की बैठक में अध्यक्ष के शपथ ग्रहण, उपाध्यक्ष के नाम की चर्चा किया गया। करीब 3 घंटे चली बैठक में आरोप प्रत्यारोप और आपसी खींचतान जारी रही। पालिका उपाध्यक्ष के लिए उमा महेश वर्मा एवं अमित जैन में से एक नाम पर मुहर लगना तय माना जा रहा है। वही जीते भाजपा पार्षद खेमे से अमित जैन का नाम मजबूती से सामने आ रहा है।

### रोप-वे 3 से 11 मार्च तक बंद रहेगा

**डोंगरगढ़।** श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा आगामी 30 मार्च से 6 अप्रैल तक चैत्र नवरात्रि पर्व मनाया जाएगा। इस दौरान लाखों की संख्या में दर्शनार्थी देवी दर्शन के लिए आएंगे जिसे ध्यान में रखते हुये रोप-वे का मरम्मत कार्य 3 से 11 मार्च तक किया जाएगा। इस अवधि में रोप-वे का संचालन बंद रहेगा।

### निबंध स्पर्धा में चांदनी विजेता

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय में प्रभारी प्राचार्य डॉ ईव्ही रेवती के निर्देशन में गत दिनों अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया गया। इस मौके पर मातृभाषा का महत्व - वर्तमान परिप्रेक्ष्य में विषय पर निबंध प्रतियोगिता तथा गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई। निबंध प्रतियोगिता में 13 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। स्पर्धा में चांदनी कंवर ने प्रथम, अलीशा मानिकपुरी द्वितीय तथा विकास मेश्राम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एकल गायन में विद्या साहू प्रथम, युवराज यादव द्वितीय तथा आकांक्षा साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। युगल गायन में विकास मेश्राम, युवराज यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय ने मातृभाषा आज के परिप्रेक्ष्य में आवश्यक है या नहीं विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया।विषय के पक्ष में श्रद्धा नागपुरे एवं विपक्ष में भावना बंजारे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। संचालन प्रभात बैस ने किया।




### शिशु मंदिर में विज्ञान दिवस का आयोजन



**डोंगरगांव।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 28 फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। विद्यालय के भैया-बहिनों ने विज्ञान के विभिन्न मॉडल का प्रदर्शन करने के अलावा विज्ञान प्रश्नमंच में हिस्सा लिया। उन्होंने भारतीय वैज्ञानिकों के बारे में विचार प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हृदयराम पटेल थे। अध्यक्षता सोहन यदु ने की। विशिष्ट अतिथि शांति निर्मलकर, युगल किशोर ठाकुर थे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं वंदना के साथ हुआ। तत्पश्चात विज्ञान संकाय के आचार्य नेमदास साहू, केशव पटेल, हेमा साहू, चन्द्रिका साहू, राजेश्वरी देशमुख के मार्गदर्शन में भैया-बहिनों ने विज्ञान के मॉडल का प्रदर्शन किया। विद्यालय स्तर पर विज्ञान बौद्धिक प्रश्नमंच का आयोजन किया गया। इस मौके पर हृदय राम पटेल ने कहा कि विज्ञान से पूरा विश्व विभिन्न चुनौतियों का सामना करने में सक्षम है । हमें भी विज्ञान की दिशा में नई सोच के साथ शैक्षणिक कार्यों में अग्रसर होना चाहिए। विद्यालय के प्राचार्य जितेन्द्र वैष्णव ने विज्ञान दिवस पर अपने विचार रखे।

## नपं को भेजा 3 करोड़ 39 लाख जमा करने नोटिस

# नपं को छोड़कर दूसरों के बकाया बिजली बिलों को कर दिया जमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

नगर पंचायत के साल दर साल बढ़ते जा रहे बिजली बिल को कम करने नगरीय प्रशासन ने विद्युत वितरण कंपनी को 2023 में दो किस्त में एक करोड़ एक लाख 62 हजार आबंटित किया था। कंपनी ने आबंटित राशि में से 12 लाख 55 हजार 263 रुपए ऐसे बिल में समायोजित कर दिया है जो किसी अन्य के नाम पर है। कंपनी ने अब नगर प्रशासन को 3 करोड़ 39 लाख जमा करने कहा है।

जानकारी के अनुसार नगरीय प्रशासन विभाग ने जनवरी 2023 में 59 लाख 41 हजार और सितंबर 2023 में 42 लाख 21 हजार विद्युत वितरण कंपनी को दिया था।

इस राशि को नगर पंचायत के लंबित बिलों में समायोजित करना था। एक करोड़ रूपए आबंटित होने के बाद नगर पंचायत अब भी करीब 3 करोड़ 39 लाख का बकायादार हैं। कंपनी से बकाया राशि के भुगतान के लिए नोटिस मिलने के बाद प्रशासन ने ज़ब समायोजित राशि के संबंध में जानकारी हासिल किया तो हैरत में डालने वाला खुलासा हुआ।

### कहां गई राशि

विद्युत कंपनी द्वारा जारी देयको के अनुसार नपं प्रशासन ने अंतिम भुगतान 2019 में किया है जबकि शासन द्वारा 2023 में एक करोड़ एक लाख 62 हजार आबंटित किया गया है। कंपनी ने गत 17 फ़रवरी को पत्र जारी कर 3 करोड़ 39 लाख एक सप्ताह में जमा करने कहा है। जानकारी के अनुसार शासन से प्राप्त राशि को जिन लंबित देयको में समायोजित किया गया हैं के संबंध मे विद्युत कम्पनी ने जो सूची दिया हैं उसमे 30 ऐसे लंबित देयकों में 1255263 रुपए समायोजित करना बताया गया हैं जो नगर प्रशासन के नहीं हैं। विद्युत कम्पनी ने 15 सितंबर 2023 को एसडीओ मोगरा नहर परियोजना के बिल में 2174, एसडीओ मोगरा नहर प्रोजक्ट के बिल में 3651 रुपए, सीएमओ देशी मदिरा दुकान के बिल में 15416, सरपंच ग्राम पंचायत कोहका के बिल में 5457, सरपंच ग्राम पंचायत माथलडबरी के बिल में 27973, सरपंच ग्राम पंचायत मोहड़ के बिल में 21976, सरपंच ग्राम पंचायत मोहड़ 46723, सरपंच ग्राम पंचायत माथलडबरी 38799, सरपंच ग्राम पंचायत माथलडबरी 35166, सरपंच ग्राम पंचायत मोहड़ के बिल में क्रमशः 40379, 37214, 34379, 46659, सरपंच कोहका 81899, सरपंच माथलडबरी 71185 , सरपंच मोहड़ के बिल 65411 रुपए समायोजित किया हैं। इसी प्रकार एई पीएचई राजनांदगाँव के बिल में 65411, एई पीएचई राजनांदगाँव 72554, सरपंच ग्राम पंचायत मोहड़ के बिल में 225674 रुपए जमा किया है। इसी प्रकार 31 जनवरी 2023 को एई पीएचई राजनांदगांव के बिल में 99187, एई पीएचई राजनांदगांव के बिल में 128620 रुपए समायोजित किया है।

### कनेक्शन का पता नहीं

जानकारी के अनुसार विद्युत कंपनी ने प्रशासन को जो जानकारी मुहैया कराया है उसके अनुसार नगर पंचायत के नाम पर 97 विद्युत कनेक्शन हैं जिसमे कई कनेक्शन ऐसे हैं जिसके बारे में नगर पंचायत के अमला को भी जानकारी नहीं हैं। कनेक्शन के संदेहास्पद होने पर नपं ने जनवरी में सत्यापन करने पत्र भेजा था किन्तु अब तक भौतिक सत्यापन प्रक्रिया शुरू नहीं किया गया है।

### नपं ने जताया आपत्ति

जानकारी के अनुसार स्थानीय नगर पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने गत 27 फरवरी को इस संबंध में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के कार्यपालन अभियंता को पत्र प्रेषित कर आपत्ति जताया है।

## जनपद अध्यक्ष का चुनाव 5 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत स्थानीय जनपद पंचायत के लिए 25 सदस्य निर्वाचित हुए हैं। गुरूवार को जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के चुनाव के लिए अधिसूचना जारी कर दिया है। चुनाव आगामी पांच मार्च को होगा।

जानकारी अनुसार निर्वाचन के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी ने डिप्टी कलेक्टर अभिषेक तिवारी को पीठासीन अधिकारी एवं सहायक पीठासीन अधिकारी जनपद सीईओ होरीलाल साहू को नियुक्त किया है। अधिकारी द्वय की उपस्थिति में आगामी पांच मार्च को प्रातः 11 बजे से अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र लिया जाएगा। समीक्षा एवं नाम वापसी के बाद एक से अधिक उम्मीदवार के होने पर जनपद अध्यक्ष का चुनाव होगा। जिसके बाद उपाध्यक्ष का चुनाव कराया जाएगा। मतदान के बाद परिणाम की घोषणा की जाएगी।

### बहुमत में भाजपा

भाजपा ने 25 निर्वाचन क्षेत्रों में से 19 में अधिकृत उम्मीदवार मैदान में उतारा था जिसमें से अधिकांश जीते हैं। चुनाव प्रभारी जगजीत सिंह भाटिया लकी ने बताया कि जनपद चुनाव में भाजपा को बहुमत मिला है। अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद पर भाजपा के प्रत्याशी ही जीत हासिल करेंगे। वहीं कांग्रेस में एक से अधिक दावेदार होने से असमंजस की स्थिति देखा गया और उसने अंतिम समय तक अधिकृत प्रत्याशियों की घोषणा नहीं किया था। चुनाव में गिनती के कांग्रेस प्रत्याशी जीतने में कामयाब हुए हैं।

## 12वीं की परीक्षा आज से, दसवीं का पहला पेपर सोमवार को



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा कल से बोर्ड कक्षा की परीक्षा प्रारंभ किया जाएगा। दाऊ गुलाब दास वैष्णव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सड़क अतरिया में बारहवीं एवं दसवी कक्षा की परीक्षा को लेकर सभी तैयारी पूरी कर लिया गया है। कल शनिवार को बारहवीं के छात्र हिन्दी विषय का पहला पेपर देंगें। परीक्षा में कुल 116 छात्र शामिल होंगे। दसवीं की परीक्षा में सड़क अतरिया के अ ला वा हाईस्कूल संड़ी एवं हाईस्कूल घिरघोली के 164 छात्र शामिल होंगे। केन्द्राध्यक्ष के रूप में नारायण कामड़े को नियुक्त किया गया है। बीते दिवस सड़क अतरिया स्कूल में बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों को शिक्षकों ने मार्गदर्शन दिया। प्राचार्य खेमराज सिन्हा एवं अन्य शिक्षकों ने परीक्षा संबंत जानकारी देकर समय पर प्रश्न हल करने की युक्ति सुझाया । बिना डर के परीक्षा में शामिल होकर पेपर दिलाने प्रेरित किया गया।

## तेंदुए की तलाश तेज, खंगाल रहे पद चिन्ह

- डीएफओ ने किया मौका मुआयना

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

दंतेश्वरी मंदिर पहाड़ी में सप्ताह भर से घूम रहे दुर्लभ काला तेंदुए की तलाश वन विभाग ने तेज कर दी है। गुरूवार को डीएफओ ने यहां पहुंच कर तेंदुआ के आने-जाने के संभावित स्थानों का जायजा लिया और पद चिन्ह की तलाश किया।

उल्लेखनीय है कि मां दन्तेश्वरी पहाड़ी में सप्ताह भर से दुर्लभ काला तेंदुआ ने डेरा जमाए हुए हैं। कभी वह पहाड़ पर बैठा दिखाई देता है तो कभी विचरण करते ग्रामीणों को नजर आता है। काला तेंदुआ दिखने के बाद से वार्डवासियों एवं क्षेत्रवासियों में दहशत देखा जा रहा है।

जानकारी के अनुसार छुरिया पहाड़ से लगे चंदैनीडीह के जंगलों में तेंदुआ ने जंगली सुअर का शिकार किया था । इस घटना के बाद से छुरिया वन परिक्षेत्र के अधिकारी सजग हो गए है। वन विभाग की टीम ने काले तेंदुए की निगरानी करते हुए उससे दूर रहने की अपील किया है।



### कैमरे से तेंदुआ की निगरानी

मां दंतेश्वरी मंदिर पहाड़ी के आसपास दुर्लभ प्रजाति के काला तेंदुआ की तलाश तेज कर दी गई है। निगरानी रखने के लिए वन टीम गठित की गई है जिसमें 35 वनकर्मी शामिल हैं। वहीं उसके आने-जाने वाले मार्गों पर कैमरा लगाकर निगरानी रखी जा रही है । वनकर्मियों को सुरक्षा उपकरण से लेस किया गया है।

### अफसर पहुंचे छुरिया

गुरूवार को वन मंडल अधिकारी अभय जैन, प्रशिक्षु डीएफओ एवं एसडीओ अभिषेक अग्रवाल छुरिया पहुंचे और उन्होंने चहलकदमी वाले क्षेत्र का निरीक्षण किया। अचानक डीएफओ श्री जैन के आने से वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों के पसीने छूटने लगे थे। खबर मिलते ही वन परिक्षेत्र अधिकारी कृष्ण कुमार सोनी, बीट गार्ड चंदू हरदेल, रवि परसाई, रोशनलाल साहू, सहित अन्य तेंदुआ के आने जाने वाले संभावित स्थानों का जायजा लेते हुए उसके पग चिन्ह तलाशने जुटे रहे।

## बैंक में अव्यवस्था से किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहारा

ग्राम पंचायत मोहारा में किसान की सुविधा के लिए जिला सहकारी बैंक की शाखा खोला गया है किन्तु यहां व्याप्त अव्यवस्था के कारण लोगों को काफी परेशान होना पड़ रहा है। राशि आहरण करने पहुंचे किसानों को घंटो लाईन में खड़े रहना पड़ता है। यहां न बैठने की व्यवस्था है और न पानी का इंतजाम किया गया है। किसान तपती धूप में खड़े रहते हैं।

उल्लेखनीय है कि इन किसान जिला सहकारी बैंक धान और उसके अंतर की राशि का आहरण करने पहुंच रहे हैं। बैंक के बाहर आए दिन लंबी कतार लगी रहती है। बैंक में बैठक व्यवस्था नहीं होने के कारण किसान तपती धूप में घँटों खड़ रहते हैं। वहीं बैंक के कर्मचारियों की सुविधा के लिए कूलर पंखा लगाकर रखा गया है।




### बैंक के अंदर जगह नहीं

मोहारा बैंक के अंदर सैकड़ो किसान लाइन मे लगाकर घंटो खड़े रखते हैं। बैंक का भवन इतना छोटा है कि 100 लोग भी अंदर रह नहीं सकते। इस बैंक अंतर्गत 5 समितियां है जिसके हजारों किसानों के खाते इसी शाखा में है। किसान लेनदेन इसी बैंक से करते हैं। वर्तमान में किसानों को धान के अंतर की राशि प्राप्त हुई है जिसे निकालने के लिए किसान बैंक पहुंच रहे हैं। बड़ी संख्या में किसानों के बैंक आने के बाद भी प्रबंधन उनकी सुविधा के लिए अपेक्षित प्रबंध नहीं किया है।

## मुजगहन स्कूल में न्योता भोज



**जेवरतला रोड।** प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला मुजगहन में कमल नारायण देशमुख ने अपनी माता की स्मृति में 28 फरवरी को न्योता भोज का आयोजन किया। इस मौके पर बच्चों को खीर, पुड़ी और बड़ा परोसा गया। सभी बच्चों एवं शिक्षकों को एक-एक पेन दिया गया। इस दौरान चंदूलाल सोनकर मिथलेश साहू, हेमकुमार भुआर्य, देवेश कुमार, प्रमोद कुमार साहू, ललिता साहू, नूतन यादव, ओंकार प्रसाद सोनसार्वा और रोशन साहू उपस्थित थे।

## हर्बेरियम पर अतिथि व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

स्थानीय नवीन महाविद्यालय में गुरुवार को प्राचार्य डा. अंजना ठाकुर के निर्देशन एवं वनस्पति विभाग के विभागाध्य हेमशंकर ने हर्बेरियम एवं कैरियर पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया। मुख्य वक्ता लाल चक्रधर शाह महाविद्यालय अंबागढ़ चौकी के सहायक प्राध्यापक डा. जगन्नाथ सूर्यवंशी थे। शुरुवात मे प्राचार्य डां ठाकुर ने स्वागत भाषण में बताया कि विद्यार्थियों के ज्ञानार्जन और समुचित विकास के लिए विभिन्न उपयोगी आयोजन किया जाता है। डां सूर्यवंशी ने इस मौके पर हर्वेवियम तैयार करने की विधि, उपकरण एवं संरक्षण, विश्व में पाए जाने वाले प्रमुख हर्बेरियम की जानकारी दी।उन्होंने वनस्पति विज्ञान के क्षेत्र में संभावना और केरियर के बारे में बताया। संचालन हेमशंकर साहू और अंत में धन्यवाद ज्ञापन हनी ठक्कर ने किया।



## तीन दिवसीय विभिन्न कार्यक्रम सम्पन्न

**डोंगरगढ़।** श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के तत्वावधान में महाशिवरात्रि के मौके पर प्राचीन शिव मंदिर तथा मेला प्रांगण में 24 से 26 फरवरी तक तीन दिवसीय मेला का आयोजन किया गया। मेला में खाद्य सामग्री, झूला, मनिहारी एवं बच्चों के मनोरंजन के लिए जम्पिंग झपाक, मिक्की माऊस जैसे स्टॉल लगे थे। सांस्कृतिक आयोजन की कड़ी में 24 फरवरी को विवेक शर्मा, 25 फरवरी को शहनाज अख्तर, 26 फरवरी को भजन गायक दिलीप षडंगी ने प्रस्तुति दिया। सभी कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रोता शामिल हुए। इस दौरान माँ भगवती एवं शिव की महिमा संबंधी झांकिया एवं जसगीत आदि की प्रस्तुति ने लोगों को काफी प्रभावित किया। बुधवार को भक्तों ने शिव का रूद्राभिषेक, पूजा अर्चना सुबह से मध्य रात्रि तक किया। ट्रस्ट समिति ने हजारों भक्तों को पूजा के लिए निःशुल्क बेलपत्ती, दूध एवं पुष्प मुहैया कराया। कार्यक्रम में अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, अनिल गट्टानी, संजय श्रीवास्तव, चन्द्रप्रकाश मिश्रा, महेन्द्र परिहार, बबलू शांडिल्य, पीताम्बर स्वामी, प्रकाश बिंदल, संजीव गोमास्ता, अजय सिंह ठाकुर आदि शामिल हुए।

## रिसर्च पेपर राइटिंग पर व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

देवीप्रसाद चौबे महाविद्यालय गंडई में रिसर्च पेपर राइटिंग एंड पब्लिकेशन विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के डॉ. महेश श्रीवास्तव ने रिसर्च पेपर राइटिंग एंड पब्लिकेशन के प्रमुख आयामों पर चर्चा करते हुए रिसर्च पेपर लेखन प्रक्रिया और शोध परियोजना के बारे में जानकारी दिया।

प्राचार्य डॉ डीपी कुर्रे ने शोध पत्र लेखन में आंकड़ा संकलन, विश्लेषण और शोध नैतिकता पर प्रकाश डाला। डॉ केके देवांगन ने विज्ञान विषयों में शोध पत्र लेखन पर अपने विचार व्यक्त किए। व्याख्यान में डॉ एनएस वर्मा, टीएल वर्मा, जीके कौशिक, पीके अमीला, भागवत राम वर्मा आदि उपस्थित थे।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जांच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे बैंकिंग सुविधाओं का लाभ

## 6 लाख से अधिक हितग्राहियों के खोले गए जनधन बैंक खाते

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आकांक्षी जिला कार्यक्रम की समीक्षा सह संवादात्मक सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उप निदेशक वित्तीय सेवा विभाग भारत सरकार रितेश पटेल एवं सहायक महाप्रबंधक एसएलबीसी मनोज कुमार सिंह उपस्थित रहे।

कलेक्टर अग्रवाल ने बैंकर्स से कहा कि जिम्मेदारी से दिए गए लक्ष्य की पूर्ति करें। बैंक का कार्य जनसामान्य के वित्तीय लेन-देन पर आधारित होता है। हमारे देश की अर्थव्यवस्था विश्व की पांचवीं मजबूत अर्थव्यवस्था है। वित्तीय लेन-देन के डिजिटल होने के कारण तथा छोटी दुकानों में भी नवीनतम तकनीक पेटीएम, फोन-पे, रूपे कार्ड जैसे डिजिटल फार्म को अपनाने के कारण वित्तीय लेन-देन में बढ़ोत्तरी हुई है और वे बैंक से जुड़ गए हैं। छोटे स्तर पर व्यवसाय करने वाले ठेले, खोमचे, सब्जी वाले व्यवसायी पात्र उपभोक्ता होते हैं, जिन्हें ऋण दिया जा सकता है। वे समय पर अपना ऋण चुकाते हैं। मध्यमवर्गीय परिवार तथा निम्न, मध्यम वर्गीय परिवार के व्यवसाय को बढ़ाने ऋण देने से बहुत लाभ होता है।

### सक्रियता से करें कार्य

कलेक्टर ने कहा कि बैंक के आर्थिक लाभ के लिए लक्ष्य की प्राप्ति पर ध्यान देते कार्य करने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना अंतर्गत ऋण देने से टर्न ओव्हर बढ़ा है। भारत सरकार के विजन के अनुरूप जनसामान्य के जीवन को खुशहाल बनाने की दिशा में सभी को कार्य करना है। नीतियों तथा तकनीक के माध्यम से गांव के अंतिम व्यक्ति तक बैंकिंग सुविधाओं का लाभ पहुंचना चाहिए। नीतियों को क्रियान्वित करने जिला प्रशासन स्तर पर सभी अधिकारी सक्रियता से कार्य करेंगे, तो लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि देश की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने सभी योगदान



### स्व सहायता समूह की महिलाएं बेहतरीन कार्य कर रही

कलेक्टर ने कहा कि जिले में स्वसहायता समूह की महिलाएं बेहतरीन कार्य कर रही हैं, उन्हें प्रोत्साहित व ऋण प्रदान करने बैंकर्स आगे आएं। इस वर्ष समूह की महिलाओं ने लगभग 102 करोड़ 40 हजार रुपए का बैंक लिंकेज किया है। शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत बीमा की राशि भी प्राप्त होती है। जिससे हितग्राही के परिजनों को लाभ मिलता है।

### निजी बैंकों की बढ़ानी होगी भागीदारी

श्री पटेल ने कहा कि रूपे कार्ड के उपयोग में प्रगति लाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जनधन योजना के खातों को रि-केवाईसी कार्य मिशन मोड में करना होगा तथा शासन की योजनाओं के तहत ऋण प्रदान करने के कार्य में निजी बैंकों की भागीदारी बढ़ानी होगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना के तहत तरूण प्लस के तहत 20 लाख रुपए तक का ऋण दिया जा रहा है। यूपीआई के माध्यम से लघु उद्यम को बढ़ावा देने हेतु डिजिटल फुट प्रिंट देकर 34 हजार करोड़ रुपए तक का ऋण मध्यम एवं लघु उद्यमों को प्रदान किया गया है। उन्होंने जनसामान्य के लिए वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता लाने के लिए कहा।

### रुपे कार्ड को सक्रिय करें

सहायक महाप्रबंधक एसएलबीसी मनोज कुमार सिंह ने कहा कि रूपे कार्ड को जरूर सक्रिय करें, इसमें आटोमेटिक बीमा होने के कारण बिना किसी प्रीमियम के लोगों को बीमा लाभ मिलता है। लीड बैंक मैनेजर मुनीष शर्मा ने प्रधानमंत्री स्वनिधि बीमा योजना प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा लोन के वितरण, अटल पेंशन योजना एवं अन्य योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत 3 हजार 161 प्रकरणों को बैंक से स्वीकृति मिली है। इस अवसर पर नाबार्ड के मनोज नायक एवं अन्य बैंकर्स उपस्थित थे।

### जनधन के खातों में अच्छा कार्य

उप निदेशक वित्तीय सेवा विभाग भारत सरकार रितेश पटेल ने कहा कि जिले में विभिन्न क्षेत्रों में बेहतरीन कार्य किया जा रहा है। आधार से जुड़े जनधन योजना के खातों में अच्छा कार्य किया गया है। प्रधानमंत्री जनधन योजना अंतर्गत 6 लाख से अधिक हितग्राहियों के जनधन बैंक खाते खोले गए हैं और 5 लाख 27 हजार 952 बैंक खातों को आधार सिडिंग किया जा चुका है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत जिले में 4 लाख 13 लाख 523 हितग्राही लाभान्वित हो रहे हैं। वहीं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 8 लाख 61 हजार 682 हितग्राहियों ने पंजीयन कराया है। आकांक्षी जिलों के कार्यों के मापदंड में जिले का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा है। वहीं प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना में प्रगति लाने की जरूरत है। जिले का साख जमा अनुपात 60 प्रतिशत है, जो 70 से 71 प्रतिशत होना चाहिए, इसमें बढ़ोत्तरी लाने की आवश्यकता है।

# संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल में बिदाई समारोह का आयोजन

- 12वी के छात्रों का पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए एक भव्य और उल्लासपूर्ण बिदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए एक स्नेह और आशीर्वाद समारोह के रूप में आयोजित किया गया था।

समारोह की शुरूआत मां सरस्वती की स्तुति के साथ की गई। इसके बाद कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों का स्वागत शानदार तरीके से तिलक और पुष्पवर्षा के माध्यम से किया गया। छात्रों और शिक्षकों ने एक-दूसरे के साथ अपने अनुभवों को साझा किया और कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के साथ बिताए गए अद्भुत पलों को याद किया। कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों को दीप प्रदान किए और उन्हें आगामी वर्षों में विद्यालय के कार्यों को संभालने की जिम्मेदारी दी और कार्यभार को ग्रहण करने की जिम्मेदारी दी। साथ ही विद्यालय की कार्यप्रणाली को सुचारू रूप से संचालन करने में सहभागी बनने प्रेरित किया।

### विभिन्न खेलों का आयोजन

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने मनोरंजन के लिए विभिन्न खेलों और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन भी किया। कार्यक्रम में नृत्य और गायन की प्रस्तुतियां दी गई। शिक्षकों ने कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते अपने विचार साझा किए। समारोह में विद्यार्थियों को उनकी विशेष उपलब्धियों के लिए कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। पुरस्कार विजेताओं में मिस्टर फेयरवेल अमी तिवारी, मिस फेयरवेल भारती कंवर, मिस्टर लकी चार्म ईश्वर पोयाम, मिस लकी चार्म भूमिका बघेल, बेस्ट कॉस्ट्यूम (लड़का) आर्यन बघेल, बेस्ट कॉस्ट्यूम (लड़की) आर्या शर्मा, स्टूडेंट ऑफ द ईयर नेहांसू साहू शामिल है। इस अवसर पर प्राचार्य रेखा तिवारी, अशोक पारख, विकास जोशी और विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित थे। सभी ने कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

# नीरज विद्या मंदिर में मना ग्रेंड पेरेंट्स-डे



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर की प्रतिष्ठित संस्था नीरज विद्या मंदिर में ग्रेंड पेरेंट्स-डे उत्साहपूर्वक मनाया गया। प्रारंभ में संस्था के पदाधिकारियों द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया। इस अवसर पर एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर पुष्पा बाजपेयी, प्राचार्य अंजुम जहान एवं प्रशासक जी. राम सिन्हा उपस्थित थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चों के दादा-दादी और नाना-नानी उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती बाजपेयी ने कहा कि प्रत्येक परिवार में बड़े-बुजुर्ग असली धन होते हैं और इन्हीं से परिवार को पहचान और पीढ़ी को संस्कार मिलते हैं। आज के समय में आधुनिकता से बचते प्राचीन मान्य परंपराओं को हमें अपने जीवन में स्थान देना होगा। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित दादा-दादी और नाना-नानियों को शुभकामनाएं दी। प्राचार्य सुश्री जहान ने कहा कि संयुक्त परिवार से ही आज की पीढ़ी बहुत कुछ सीख सकती है। बच्चों को जीवन की विषमताओं से जूझने की ताकत इन्हीं से मिलती है और परिस्थितियों पर विजय प्राप्त करते समाज में अपनी प्रभावी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। संयुक्त परिवार में माता-पिता के साथ-साथ दादा-दादी और नाना-नानी का भी संरक्षण व मार्गदर्शन मिलता है। कार्यक्रम में उपस्थित दादा-दादी और नाना-नानी का तिलक लगाकर भावपूर्ण स्वागत संस्था की शिक्षिकाओं ने किया। सम्मान से भाव-विभोर हुए दादा-दादी और नाना-नानियों ने कार्यक्रम की सराहना की। प्री -प्रायमरी के छात्र-छात्रा योग्या नायक, अभिजीत पांडे, चहक, स्वरा राजू राठौर, शिविक एवं भिमान्सी ने अपने-अपने विचार रखे। कक्षा दूसरी की दृश्या, धृति एवं प्रंजली ने भी दादा-दादी, नाना-नानी को लेकर अपने-अपने विचार व्यक्त किए, जिसे सबने भरपूर सराहा।

### बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुति

प्री-प्रायमरी के बच्चों ने समूह नृत्य व गीतों की प्रस्तुति दी। कक्षा 1 एवं 2 के बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए समूह नृत्य को भी भरपूर प्रशंसा मिली। दादा-दादी एवं नाना-नानी के लिए आकर्षक गेम्स का भी आयोजन किया गया। गेम्स के विजेताओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सैयद नूरजहां, सुनिता जैन, प्रीति शर्मा, श्वेता देवांगन, शिल्पा कलचुरी, लाकेश्वरी साहू एवं सोनिका श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. लोकेश शर्मा एवं शिक्षिका सोनिका श्रीवास्तव ने किया। आभार प्रदर्शन शिक्षिका शिल्पा कलचुरी ने किया। उक्त जानकारी शिक्षक घनश्याम तिवारी ने दी।

# ललित इरईकला के सरपंच निर्वाचित



**पटेवा।** ग्राम पंचायत इरईकला में सरपंच पद के लिए हुए चुनाव में ललित कुमार साहू ने जीत दर्ज किया है। सरपंच पद के प्रत्याशी ललित कुमार साहू ने 194 वोटो के अंतर से अपने निकटतम प्रतिद्वंदी जनपद सदस्य डोमारदास साहू को पराजित किया। पहली बार 34 वर्षीय युवा सरपंच का दायित्व संभालेगा। वर्तमान में श्री साहू भाजयुमो के अध्यक्ष हैं। इससे पहले वह एबीवीपी, युवा मोर्चा मोर्चा के विभिन्न पदों पर रह चुके हैं। सरपंच श्री साहू ने जीत का श्रेय कार्यकर्ता और मतदाताओं को देते हुए आभार व्यक्त किया है।

## निधन

### श्रीमती स्नेह प्रभा श्रीवास्तव



**राजनांदगांव।** शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई उ.मा.शाला की पूर्व शिक्षिका श्रीमती स्नेह प्रभा श्रीवास्तव (83) का निधन हो गया। वे स्व. नंदकुमार श्रीवास्तव की धर्मपत्नी थी। उनकी अंतिम यात्रा कल एक मार्च को सुबह दस बजे ब्राम्हणपारा स्थित निवास स्थान से निकलेगी। स्व. श्रीमती स्नेह प्रभा श्रीवास्तव न्यायालय कर्मचारी शैलेष, अखिलेश श्रीवास्तव और डॉ. ज्ञानेश श्रीवास्तव प्राचार्य रूंगटा कॉलेज भिलाई की माता थी।



## सार समाचार

### दिव्यांगजनों ने निकाली जागरुकता रैली

**राजनांदगांव।** एनआईईपीआईडी सिकंदराबाद के अंतर्गत संचालित सीआरसी ठाकुरटोला राजनांदगांव द्वारा जिला अस्पताल बसंतपुर कैंपस में सुगम्य यात्रा को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। इस अभियान का उद्देश्य दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने व बाधारहित वातावरण तैयार करने की प्रेरणा देना था।गौरतलब है कि रैली में सीआरसी के दिव्यांगजन, उनके माता-पिता, मेडिकल बोर्ड स्टाफ, जिला अस्पताल में उपस्थित दिव्यांगजन एवं सीआरसी के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान प्रतिभागियों ने सुगम्य भारत अभियान से संबंधित जानकारी दी और स्लोगन नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम के समन्वयक गजेंद्र कुमार साहू रहे। सीआरसी की ओर से श्रुति पांडेय, मेघा दुबे, गजेंद्र कुमार साहू, पुनीत साहू, रवि कुमार, राहुल कुमार सहित अन्य सदस्यों ने इसमें सहभागिता की। इससे पहले 27 फरवरी को मंडी परिसर सुमीत बाजार में भी सुगम्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के समन्वयक गजेंद्र कुमार साहू ने आमजन से सुगम्य यात्रा को सफल बनाने सहयोग करने का अनुरोध किया। जिससे दिव्यांगजन सशक्त होकर आत्मनिर्भर जीवन व्यतीत कर सकें।




### पदक वितरण समारोह में शामिल होंगे रमन

**राजनांदगांव।** शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव में कल 1 मार्च को वार्षिक पदक वितरण समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह भव्य आयोजन पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में संपन्न होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह व अध्यक्षता सांसद संतोष पाण्डेय करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर मधुसूदन यादव शामिल होंगे। समारोह में शैक्षणिक सत्र 2023-24 के दौरान स्नातक (बीए, बी.कॉम, बीएससी) और स्नातकोत्तर (एमएससी) परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों और अन्य सह-शैक्षणिक क्षेत्रों में विशेष उपलब्धियां हासिल करने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष रवि सिन्हा ने कहा कि यह समारोह विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन के लिए आयोजित किया जाता है, ताकि शैक्षणिक, साहित्यिक, खेल और अन्य क्षेत्रों में विशेष उपलब्धि हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया जा सके।



### रक्षित केन्द्र में एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर

**राजनांदगांव।** रक्षित केन्द्र में पुलिस कर्मचारी एवं परिवार के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सहयोगी संस्था सीएफ शोर क्रिश्चियन फेलोशिप हॉस्पिटल के डॉ. थामस एक्का (एमडी) द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर रक्षित केन्द्र राजनांदगांव के मंगल भवन में 28 फरवरी को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक जिले के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. थामस एक्का (एमडी) द्वारा बीपी, सुगर एवं नेत्र जांच का निःशुल्क परीक्षण किया गया।

**पुलिस परिवार ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण-** शिविर में पुलिस अधीकारी-कर्मचारियों व पुलिस परिवार के लगभग 90 से अधिक संख्या में आकर अपना निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। शिविर के आयोजन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स मुकेश ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व रक्षित निरीक्षक लोकेश कुमार कसेर की आहम भूमिका रही।

### यात्री की छूटी सामग्री को आरपीएफ ने सुरक्षित लौटाया

**राजनांदगांव।** एक्सप्रेस में एक यात्री का सामान छूट गया था। जिसकी सूचना मिलने पर आरपीएफ की टीम ने यात्री के छूटे सामग्रियों को बरामद कर सकुशल वापस लौटाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 27 फरवरी को 10.45 बजे मडल सुरक्षा नियत्रंण कक्ष नागपुर से रेल मदद द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि गाड़ी संख्या 12771 सिकंदराबाद-रायपुर एक्सप्रेस में एक यात्री का कोच नं-एस/4 के सीट 40 में 1 छोटा पिठ्ठु बैग नीले रंग का, जिसमें 1 एप्पल कंपनी का लैपटाप और कुछ डाक्युमेट व 1 बड़ा पिठ्ठु बैग काले रंग का, जिसमें पहनने के कपड़े व दैनिक उपयोग के सामान थे, जो छूट गया है।



**यात्री ने आरपीएफ का आभार माना-** सूचना प्राप्ति पर मंडल सुरक्षा आयुक्त दीपचंद आर्य के मार्गदर्शन में निरीक्षक तरूणा साहू पोस्ट प्रभारी राजनांदगांव के नेतृत्व में कार्यरत अधिकारी के. प्रसाद व प्रधान आरक्षक आर. रैकवार द्वारा गाड़ी के आगमन समय 11.30 बजे पर बताए अनुसार कोच नं-एस/4 के सीट 40 में जाकर अटैंड किया गया, जहां दोनों बैग मिला, जिसे शिकायतकर्ता से मोबाइल के माध्यम से वेरीफाई किया गया। उक्त बैग रेसुब पोस्ट लाकर शिकायतकर्ता यात्री को बैग के संबंध में जानकारी देकर रेसुब पोस्ट राजनादगांव आकर अपना सामान ले जाने को कहा गया। यात्री निहाल ए. पिता अब्बुबक ए. उम्र 24 वर्ष निवासी नैचुर सिटी बिलासपुर थाना सकरी जिला बिलासपुर छग का आधार कार्ड से वेरीफाई करने पश्चात सही पाकर निहाल ए. को सही सलामत 2 पिठठू बैग को सुपुर्द किया गया। उक्त व्यक्ति अपने महत्वपूर्ण दस्तावेज और लैपटॉप को सही सलामत पाकर रे.सु.ब. राजनांदगांव का आभार व्यक्त किया।

### संसारी से भी अपने जीवन को साधने वाले को कुछ हासिल नहीं होता : शर्मा

**राजनांदगांव।** वृन्दावन धाम श्री अग्रसेन भवन में अग्रवाल सभा, अग्रवाल महिला मंडल एवं अग्रवाल नवयुवक मंडल के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के प्रथम दिवस व्यासपीठ पर विराजित अंचल के सुप्रसिद्ध भगवताचार्य पं. अर्पित भाई शर्मा ने कहा कि भक्तों के शुभ मनोरथ होने पर श्रीमद भागवत कथा श्रवण करने का अवसर प्राप्त होता है। कथा मनुष्यों के कल्याण के लिए है। सभी कथायें व्यक्ति को गतार्थ स यथार्थ, श्रान्त से शांन्त की ओर एवं संसारी को कसारी की ओर ले जाती है। व्यक्ति के जीवन में किसी प्रकार के रस का स्वाद नहीं रहता, किसी प्रकल्प में विफल होने पर ग्रंथियों का सार प्रयोजन से भटक जाता है, तब गतार्थ बोझ लगता है। वहीं कथा यथार्थ की ओर ले जाती है। श्रान्त वह है, जो थक गया हो, संसार की एक समस्या खत्म होने पर दूसरे को हल करते जीवन व्यतीत करता है। संसारीक प्रपंचों से पीड़ित हो जाता है, उसे कथा शांत बनाती है। वहीं संसारी से भी अपने जीवन को साधने वाले को कुछ हासिल नहीं होता, ऐसे संसारी को कथा रूपी रस कंसारी अर्थात कंस जिसे अपना शत्रु समझता हैं, ऐसे कृष्ण का बनाती है।



# होली में बिखरेगा गुलाल-अबीर, नवरात्र में देवी की आराधना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पर्वों की श्रृंखला लेकर आ रहा है मार्च माह। इस माह जहां होली पर गुलाल-अबीर खेलकर लोग उत्साहित होंगे। वहीं माह के अंतिम दिनों से हिन्दू नववर्ष चैत्र नवरात्र भी प्रारंभ हो रही है। माह के शुरूआती दिनों में मांगलिक आयोजनों के लिए भी गिने-चुने मुहूर्त है।

फरवरी माह के समापन के साथ ही उत्साह, उमंग व पर्वों को लिए मार्च माह कल शनिवार से प्रारंभ हो रहा है। इस माह जहां शुरूआती दिनों में मांगलिक मुहूर्तों का क्रम रहेगा। वहीं पर्वों की श्रृंखला भी बनी रहेगी, जिसे लेकर लोगों में उत्साह व उमंग का माहौल है। इस पूरे माह में पर्वों की खुशी और भक्ति का वातावरण रहेगा।

## मार्च में मांगलिक मुहूर्त, होली, नवरात्र सहित अन्य पर्वों की श्रृंखला

### होलाष्टक की वजह से गिने-चुने मुहूर्त

पंचाग के मुताबिक मार्च में सिर्फ तीन दिन ही मांगलिक मुहूर्त है। जिसमें 1, 2 व 6 तारीख है। इसके बाद होलाष्टक लग जाने की वजह से इसे मानने वाले इन दिनों मांगलिक आयोजन नहीं करते। माह के प्रथम सप्ताह में ही मांगलिक शहनाईयों की गूंज बाजे-गाजे एवं वैवाहिक आयोजनों का वातावरण निर्मित रहेगा। होलाष्टक होली पर्व के आठ दिन पहले 6 मार्च से प्रारंभ हो रही है। 13 मार्च को होलिका दहन एवं 14 मार्च को होली घुरेडी है।



### माहभर रहेगी व्यस्तता

गर्मी की दस्तक के साथ ही मार्च माह में उत्साह, उमंग व वैवाहिक आयोजन पर्वों की खुशी एवं पूजा-अर्चना, भक्ति का वातावरण निर्मित रहेगा। इस माह लोगों में व्यस्तता भी होगी। शहर सहित ग्रामीण इलाकों तक में पर्व की खुशियां एवं हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। मार्च माह अपने साथ एक नया उमंग लेकर आ रहा है, जिसे लेकर लोगों में उत्सुकता एवं हर्ष का माहौल है।

### पर्वों का लगातार क्रम

इस माह 18 मार्च को संकष्टी चतुर्थी, 19 मार्च रंग-पंचमी, 21 मार्च शीतला सप्तमी, 22 मार्च कालाष्टमी, 25 मार्च पाप मोचनी एकादशी, 27 मार्च प्रदोष व्रत, 29 मार्च अमावस्या एवं 30 मार्च से हिन्दू नववर्ष आरंभ व चैत्र नवरात्रि की शुरूआत हो जाएगी। 31 मार्च को झूलेलाल जयंती, गणगौर पूजा एवं ईद-उल-फितर पर्व मनाया जाएगा।



## आयुक्त ने अधिकारियों की बैठक लेकर दिए आवश्यक निर्देश

# डामरीकरण, पेंचवर्क कार्य करें पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा तकनीकी अधिकारियों की बैठक लेकर निर्माण कार्यों की समीक्षा की और कहा कि डामरीकरण व पेंचवर्क के शेष कार्य जल्द पूर्ण करें, शेष कार्य चालू कराएं तथा वार्डो में चल रहे कार्य में तेजी लाकर समय-सीमा में पूर्ण कराने कहा। उन्होंने अगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को देखते गाईड लाइन के आधार पर टीम भावना के साथ कार्य करने कहा।

बैठक में आयुक्त विश्वकर्मा ने कहा कि नगरीय निकाय निर्वाचन संपन्न होने के पश्चात आदर्श आचार सहिता समाप्त हो चुकी है। अब सभी निर्माण कार्य जिनकी निविदा हो चुकी है, उसे प्रारंभ कराएं तथा वार्डो में चल रहे निर्माण कार्य में तेजी लाकर समय-सीमा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कलेक्टर एवं प्रशासक संजय अग्रवाल द्वारा भी निर्माण कार्यों की जानकारी समय-समय पर ली जाती है तथा सभी कार्य चालू कर चालू कार्य में प्रगति लाने कहा गया है। बैठक में कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके, संजय वर्मा व दीपक खांडे, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, प्र.सहायक अभियंता गरिमा वर्मा व वसीम खान सहित उप अभियंतागण उपस्थित थे।



### मरम्मत कार्य की ली जानकारी

उन्होंने एसएलआरएम सेंटर मरम्मत कार्य की जानकारी लेकर जल्द पूर्ण कराने कहा। उन्होंने कहा कि आगामी माह में स्वच्छता सर्वेक्षण होना है, उसके पूर्व एसएलआरएम सेन्टर एवं शौचालय मरम्मत कार्य कराएं। सभी कार्यों की सूची तैयार करें, सूची अनुसार प्राथमिकता के आधार पर कार्य कराएं। उन्होंने सभी सहायक अभियंताओं एवं कार्यपालन अभियंताओं से भी अपने-अपने प्रभारित वार्ड के उप अभियंताओं से कार्यों की जानकारी लेकर मानिटरिंग करने कहा। किसी भी प्रकार की समस्या का तत्काल निराकरण करें।

### अधूरे कार्य शीघ्र पूर्ण करने नोटिस जारी करने के निर्देश

उन्होंने शहर में चल रहे डामरीकरण कार्य की जानकारी लेकर शेष कार्य जल्द पूर्ण कराने कहा। उन्होंने वार्डवार निर्माण कार्यों की जानकारी लेकर कहा कि जिन ठेकेदारों द्वारा अधूरे कार्य किए गए हैं और जिनके द्वारा कार्यादेश उपरांत कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, उनसे बात कर काम चालू कराएं, नही करने की स्थिति में नोटिस जारी करें। उन्होंने कहा कि प्रगतिरत कार्यों की चरणबद्ध बिलिंग करें, उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजना सुनिश्चित करें। आयुक्त विश्वकर्मा ने सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालय मरम्मत कार्य की उप अभियंताओं से प्रगति की जानकारी लेकर कहा कि जिन ठेकेदारों ने मरम्मत कार्य चालू नहीं किया है, उन्हें तत्काल चालू करने कहे, चालू कार्य में प्रगति लाएं। सभी शौचालयों में एक जैसे रंग-रोगन कराएं।

### जिला स्तरीय क्विज स्पर्धा में कविता प्रथम

**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत समग्र शिक्षा द्वारा आयोजित जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में संकुल सलोनी के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला टेमरी में कक्षा आठवीं में अध्ययनरत छात्रा कविता सायटोंडे ने प्रथम स्थान प्राप्त कर शाला को गौरवान्वित किया है। इस प्रतियोगिता में राजनांदगांव जिले के चारों विकासखंड के हर संकुल के विद्यार्थी शामिल हुए। जिसमें विज्ञान और गणित के प्रश्न पूछे गए।

विद्यालय के प्रधान पाठक कनक कुमार ज्योति दीपक ने बताया कि छात्रा कविता में जो गुण विद्यमान है, उससे लगता है कि वह भविष्य में विज्ञान के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां प्राप्त करेगी। छात्रा की इस उपलब्धि पर बीईओ डीआर देवांगन, रघुलाल कंवर, विकास हरिहारनों, मनोज कुमार साहू, महावीर देशमुख, दिलीप कुमार, दीपक सिंह ठाकुर, भगत सिंह ठाकुर सहित गिरधर विश्वकर्मा, राधा सुदर्शन यादव, उपाध्यक्ष लीलूराम पटेल, नंदकुमार यादव, ओमप्रकाश साहू, महेश पटेल, मनोज साहू, दुवासु पटेल, गिरीश पटेल व शाला बाल केबिनेट प्रधानमंत्री कु शिवानी विश्वकर्मा व विद्यार्थियों ने बधाई दी है।




## बिना बताए घर से निकल गया था नाबालिग पुलिस ने राजिम से खोज, परिजन को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एक नाबालिग बालक घर से बिना बताए कहीं चला गया था। जिसकी गुमसुदगी की रिपोर्ट बाद पुलिस ने 12 घंटे के भीतर नाबालिग की पता तलाश कर सकुशल परिजनों को सौंप दिया है। जिससे परिजनों में हर्ष व्याप्त है।

नाबालिग बालक के गुम/लापता होने की रिपोर्ट पर लालबाग पुलिस की त्वरित कार्रवाई, नाबालिग बालक को 12 घंटों के भीतर बरामद कर परिजनों के सपुर्द किया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने 25-26 फरवरी की मध्य रात्रि को थाना में आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसका नाबालिग पुत्र उम्र 14 वर्ष 10 माह 25 फरवरी सुबह साढे 10 बजे घर से बिना बताए कहीं चला गया है। उक्त सूचना पर गुम इंसान दर्ज कर धारा 137(2) बीएनएस अज्ञात आरोपी के विरूद्ध कायम कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया।

### बालक राजिम में मिला

उक्त संवेदनशील घटना के संबंध में जिले के वरिष्ठ अधिकारीगणों को अवगत कराया गया एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन व दिशा-निर्देश पर थाना प्रभारी लालबाग प्रशिक्षु भापुसे ईशु अग्रवाल के नेतृत्व में थाना से टीम गठित कर सहायक उपनिरीक्षक पुखराज देशमुख एवं सायबर सेल के सहयोग से गुमशुदा, लापता बालक को 12 घंटों के भीतर राजिम जिला गरियाबंद से बरामद कर बालक को परिजनों के सुपुर्द किया गया।

### शहर में निकली भव्य कलश यात्रा



**राजनांदगांव।** अग्रवाल समाज द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा सप्ताह के शुभारंभ अवसर पर श्री सत्यनारायण मंदिर से निकली भव्य कलश यात्रा बड़ी संख्या में माता-बहनें शामिल हुए। भव्य रथ पर भगवताचार्य पूज्य अर्पित भाई शर्मा विराजमान थे। कलश यात्रा के अग्र भाग में मुख्य यजमान स्वाति राहुल अग्रवाल श्रीमद् भागवत महापुराण पोथी एवं लड्डूगोपल को अपने शीश पर धारण कर चल रहे थे।

## हर आपदा से निपटने में होम गार्ड जवान सक्षम



- संभागीय सेनानी ने किया होम गार्ड कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण, लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

होमगार्ड की संभागीय सेनानी रायपुर द्वारा राजनांदगांव जिला होमगार्ड कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने कार्यालयीन दस्तावेजों की जांच पड़ताल कर यहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। होमगार्ड की रायपुर संभागीय सेनानी अनिमा एस. कुजूर द्वारा जिला होम गार्ड कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने होमगार्ड जवानों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनी। वहीं परेड निरीक्षण कर संसाधन और उपकरणों की जांच की।

### जताई संतुष्टि

संभागीय सेनानी अनिमा एस. कुजूर ने कहा कि इस वार्षिक निरीक्षण के तहत परेड और किट निरीक्षण किया जाता है। इसमें जवानों के परेड का स्तर, उपकरणों का रखरखाव, दस्तावेज, पंजीयों की जांच की जाती है । वहीं उन्होंने कहा कि इस दौरान अग्निशमन से संबंधित जांच भी की जा रही है। उन्होंने जांच के दौरान जिला नगर सेनानी कार्यालय की व्यवस्था से संतुष्टि जताई है।

### जवानों की भर्ती प्रारंभ

होमगार्ड में जवानों की कमी को लेकर संभागीय सेनानी ने कहा कि सैनिकों की भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ है, जल्द ही नगर सैनिकों की कमी पूरी हो जाएगी। वार्षिक निरीक्षण को लेकर होमगार्ड के जिला सेनानी अरूण कुमार सिंह ने कहा कि होमगार्ड के जवान हर आपदा से निपटने के लिए दक्ष हैं। उन्होंने कहा कि जिला होमगार्ड कार्यालय के माध्यम से लोगों को आपदा राहत बचाव को लेकर समय-समय पर जागरूक भी किया जाता है।

## पुण्यतिथि पर शहीद यदु को दी पुष्पांजलि

**राजनांदगांव।** संस्कारधानी के सपूत शहीद आरक्षक संदीप यदु को उनकी 11वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उन्होंने 28 फरवरी 2014 को दंतेवाड़ा जिले में नक्सलियों द्वारा किए गए कायरतापूर्ण आईईडी ब्लास्ट में अपने प्राणों की आहुति दी थी।

हाट-बाजार स्थित शहीद प्रतिमा स्थल पर शुक्रवार सुबह 10 बजे श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित हुआ। शहादत को सलामी देने जुटे लोगों ने अमरता के नारे लगाए। अपने बेटे, पति और पिता के सम्मान में लग रहे नारों के बीच परिजनों की आंखे झलक आई। शहीद संदीप यदु की मां कुमारीबाई यदु ने अपने सपूत को याद करते कहा कि मेरा बेटा आज जहां से भी ये दृश्य देखता होगा, तो उसे गर्व हो रहा होगा। आप सभी ने उसे पूरा सम्मान दिया है। संदीप हमारा गौरव है। निर्वाचित पार्षद जैनम बैद ने बताया कि वार्ड क्रं. 37 महावीर वार्ड के हाट-बाजार में शहीद प्रतिमा स्थल पर आयोजित इस कार्यक्रम में शहीद की माता कुमारीबाई यदु, पत्नी गिरजा यदु और दोनों बच्चे सृष्टि और प्रिंस मौजूद थे। वहीं वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, महापौर मधुसूदन यादव, प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा शामिल हुए। यहां बसंतपुर थाना से एसआई देवदास भारती, आरक्षक रामचंद साहू, नंदू भूतड़ा, बीसन अग्रवाल, प्रकाश बैद, मनोज बैद, मनीष गोलछा, आशीष चितलांग्या, गीतेश गुप्ता, बंशी साहू, राहुल ताम्रकार, भोला यादव, रूपेश यादव, राजू तवर, विजय राय, पार्षद केवरा राय, मधु बैद, पार्षद रानू जैन, पार्षद अरुण साहू, चिंटू सोनकर, उज्जवल लुंकड़ सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठजन और बड़ी संख्या में वार्डवासी जुटे थे।



### व्यर्थ नहीं जाएगा बलिदान

भारत माता की आरती किए जाने के बाद राष्ट्रगान हुआ। इसके उपरांत शहीद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। शहीद के सम्मान में उनकी माता को शॉल व श्रीफल भेंट किया गया। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि हम शहीद के परिवार के प्रति गहरी संवेदना और सम्मान व्यक्त करते हैं, जिन्होंने अपने प्रियजन को देश के लिए खो दिया। संदीप यदु का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। उनकी वीरता की गाथा हमें सदैव राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करती रहेगी।









### ग्रामीणों ने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर लगाई गुहार

# 15 हजार ट्यूबवेल से 45 गांव में लो-वोल्टेज, गहराया जलसंकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के लालबहादुर नगर और सड़क चिरचारी क्षेत्र के लगभग 18 गांव में लो-वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। जिसके चलते किसान अपने खेतों में सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। वहीं ट्यूबवेल नहीं चलने से गांव में पेयजल की समस्या भी हो रही है। लगभग 18 गांव के सैकड़ों किसानों ने आज कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर को अपनी समस्याओं से अवगत कराया है। वहीं समस्या के जल्द समाधान के लिए गुहार लगाई है।

जिले के लाल बहादुर नगर, सड़क चिरचारी, कोठीटोला, भरकाटोला, गोविंदपुर सहित लगभग 18 गांव में लो-वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। आलम यह है कि यहां पर्याप्त बिजली नहीं मिलने के चलते कृषि कार्य प्रभावित हो गया है, फसले सूखने लगी है और किसानों को मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे सैकड़ों किसानों ने कहा कि लो-वोल्टेज की वजह से वह अपने खेतों में सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। खेतों में धान और दलहन की फसलें लगी हुई है। सिंचाई नहीं होने से फसलों को नुकसान हो रहा है।

### समस्या के समाधान के लिए कलेक्टर ने दिए निर्देश



### योजना बनाई जा रही

इस पूरे मामले को लेकर राजनांदगांव कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि इन क्षेत्रों में ज्यादा ट्यूबवेल होने से ओवरलोड हो रहा है। इस क्षेत्र में 132 केवी का विद्युत सब-स्टेशन सितंबर माह तक बनकर तैयार हो जाएगा। उन्होंने कहा कि फिलहाल समस्या के समाधान के लिए क्षेत्र के हिसाब से अलग-अलग समय को लेकर बिजली आपूर्ति हेतु व्यवस्था बनाई जाएगी। इसके लिए सीएसईबी इस पर प्लान बना रही है। किसानों के साथ बैठक कर समय निर्धारित किया जाएगा।

### दो-तीन महीनों से समस्या

कलेक्टर कार्यालय पहुंचे किसानों ने कहा कि लो-वोल्टेज की समस्या क्षेत्र में लगभग दो-तीन माह से बनी हुई है। कई बार विद्युत मंडल और स्थानीय अधिकारियों को शिकायत करने के बाद भी इस दिशा में कोई प्रयास नहीं हुआ, समस्या जस की तस है। विद्युत मंडल के अनुसार इस पूरे क्षेत्र में लगभग 15000 ट्यूबवेल है। जिसके चलते ओवरलोड हो रहा है और इस वजह से लो-वोल्टेज की समस्या आ रही है।

### पानी के लिए रतजगा

इस क्षेत्र में लो-वोल्टेज की वजह से ट्यूबवेल नहीं चल पा रहे हैं। किसान अपने खेतों में रतजगा कर पंप चलाने की कोशिश कर रहे हैं। आधी रात वोल्टेज आने पर चंद मिनट ही पंप चल पाता है। ऐसे में किसान खेत में ही रह रहे हैं। भरकाटोला से पहुंचे किसान बाबूलाल सिन्हा का कहना है कि रात को पंप चलाने के लिए खेत में ही रूकना पड़ रहा है।

### विधायक ने कहा: मुझसे न होगा

गोविंदपुर से कलेक्टर कार्यालय पहुंचे किसान मोहित साहू का कहना है कि दिनभर में लगभग 8-10 घंटे ही बिजली मिलती है, वह भी लो-वोल्टेज रहता है। जिसकी वजह से विद्युत उपकरण नहीं चला पा रहे हैं। उनका कहना है कि समस्या को लेकर उन्होंने स्थानीय विधायक दलेश्वर साहू से भी गुहार लगाई थी, लेकिन विधायक ने इस मामले में कुछ नहीं कर पाने की बात कही। इसके बाद वह कलेक्टर कार्यालय पहुंचे हैं।

### 8 को छत्तीसगढ़ से रवाना होंगे भिक्खु धम्मतप

राजनांदगांव। महाबोधि महाविहार (बीटीएमसी) एक्ट 1949 असंवैधानिक घोषित करने के लिए अनिश्चितकालीन आंदोलन में बैठे बौद्ध भिक्खु व उपासक-उपासिकाओं के समर्थन में छत्तीसगढ़ भिक्खु संघ के माध्यम से आगामी 8 मार्च को सुबह 5.08 बजे रेल गाड़ी संख्या 22357 से दुर्ग से गया के लिए रवाना होंगे। आंदोलन समर्थक छत्तीसगढ़ वापस आने 12 मार्च को रेल गाड़ी संख्या 22358 से गया से दुर्ग आ सकते हैं।






**आक्रोश:** गांव में हंगामा, ग्रामीणों ने की युवक की बेदम पिटाई, मामला पहुंचा थाना

# युवक ने कलाई काट कर भगवान भोलेनाथ का किया रक्ताभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

देवों के देव महादेव की भक्ति के पर्व महाशिवरात्रि पर वैसे तो भक्ति के कई रूप देखने को मिले। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर किसी ने व्रत रखकर अपने आराध्य की भक्ति की तो किसी ने हवन, पूजन, जलाभिषेक, रूद्राभिषेक कर अपने भोलेनाथ की यथा शक्ति भक्ति की। लेकिन जिले के सहसपुर लोहारा थाना क्षेत्र के ग्राम लाखाटोला में एक युवक ने भक्ति की सारी हदें पार करते हुए ऐसी शिव भक्ति दिखाई की गांव में बवाल हो गया और मामला थाना तक पहुंच गया। जानकारी के मुताबिक महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर जिले के सहसपुर लोहारा थाना क्षेत्र के ग्राम लाखाटोला में स्थापित भगवान भोलेनाथ के मंदिर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर पूजा अर्चना की और भगवान भोलेनाथ से आशीर्वाद प्राप्त किया। बताया जाता है कि इन्हीं शिवभक्तों में से एक राजा बघेल पिता नारद बघेल आयु करीब 21 वर्ष ने भक्ति की हद पार करते हुए अपने हाथ की कलाई को ब्लेड से काटकर अपने खून से भगवान भोलेनाथ का रक्ताभिषेक कर डाला। जिसकी जानकारी मंदिर के पुजारी को होने के बाद उन्होने इसकी जानकारी ग्रामीणों को दी और देखते ही देखते ग्रामीणों की भारी भीड़ मंदिर में जुट गई। युवक के इस कारनामे से नाराज ग्रामीणों ने युवक को दबोच लिया और उसे एक कमरे में बंद कर उसकी बेदम पिटाई कर दी। इस मारपीट की जानकारी जब राजा बघेल के परिजनो को लगी तो उसका छोटा भाई साहिल भी मंदिर पहुंच गया लेकिन ग्रामीणों ने उसकी भी पिटाई कर दी। बाद में मामला बढ़ते देख घटना की जानकारी डायल 112 को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची डॉयल 112 की टीम तथा पुलिस ने ग्रामीणों को समझाईश दी और घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया। तब कहीं जाकर मामला शांत हुआ। हालांकि अभी तक इस मामले में कानूनी कार्यवाही के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।

**ग्रामीणों में उसके कृत्य को लेकर नाराजगी**



इस संबंध में युवक राजा बघेल पिता नारद बघेल का कहना है कि वह शिवभक्त है और उसने महाशिवरात्रि पर्व पर भगवान भोलेनाथ का अपने रक्त से अभिषेक किया है। वह इसे गलत नहीं मानता, उसने कहा कि जिस ढंग से दूसरे भक्त भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करते है उसने भी अपने ढंग से अभिषेक किया है। राजा ने अपने हांथ और छाती में जय महाकाल का टेटू भी गुदवा रखा है। हालांकि ग्रामीण और मंदिर के पुजारी युवक की इस तरह की भक्ति से इत्तिफाक नहीं रखते और उन्होने इस पर कड़ी नाराजगी व आक्रोश व्यक्त किया है।

# नपं बोड़ला, स.लोहारा, पंडरिया व पाण्डातराई में शपथ ग्रहण आज





- उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा व सांसद संतोष पाण्डेय रहेंगे उपस्थित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नगरीय निकाय चुनाव के बाद नगर पंचायत बोड़ला एवं स. लोहारा के नवनिर्वाचत अध्यक्ष व पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह शिनवार को आयोजित किया जाएगा। प्रशासन द्वारा इस शपथ ग्रहण समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

गौरतलब है कि नगर पंचायत बोड़ला में नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष विजय पाटिल पाटिल सहित सभी 15 वार्डो के पार्षद शपथ लेंगे। इसी प्रकार नगर पंचायत स. लोहारा में नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष संतोष मिश्रा के साथ सभी 15 वार्डो के पार्षद शपथ ग्रहण करेंगे। इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी बोड़ला से मिली जानकारी के अनुसार शपथ ग्रहण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कवर्धा विधायक एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्ष क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में विशेषर पटेल, राजेन्द्र चन्द्रवंशी, अशोक साहू, संतोष पटेल, विदेशीराम धुर्वे, मोहन धुर्वे उपस्थित रहेंगे।

शपथ ग्रहण समारोह 1 मार्च को शाम 4.00 बजे नगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बोड़ला में आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार नगर पंचायत स. लोहारा के शपथ ग्रहण समारोह में भी मुख्य अतिथि के रूप में कवर्धा विधायक एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्ष क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय करेंगे।

नगर पंचायत स.लोहारा का शपथ ग्रहण समारोह दोपहर 2.00 बजे स्थानीय शीतला मंदिर परिसर में आयोजित किया जाएगा। नगर पंचायत प्रशासन बोड़ला एवं स.लोहारा द्वारा इस शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों का अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसके अलावा जिले की नगर पंचायत पंडरिया तथा पाण्डातराई में 1 मार्च को नव निर्वाचित अध्यक्ष व वार्ड पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा।

**खबर संक्षेप**



### जर्जर प्रधानमंत्री सड़क के मरम्मत की मांग

**कोलेगांव।** शासन प्रशासन द्वारा शहर से ग्रामीण क्षेत्रो को जोड़ने प्रधानमंत्री सड़क का जाल बिछाया गया। लेकिन विभागीय अधिकारी व ठेकेदारों की भारी अनदेखी व देखरेख के अभाव में राहगीरों व ग्रामीणों को भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम भगतपुर से धनेली प्रधानमंत्री सड़क जर्जर व बदहाल होने के कारण ग्रामीणों व राहगीरों को आवाजाही करने में भारी दिक्कतो व परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री सड़क में जगह-जगह गड्ढे ही गड्ढे होने से राहगीर सड़क दुर्घटना के शिकार हो रहे है, जिस पर ग्रामीण ने अतः शासन प्रशासन व विभागीय अधिकारियों से मांग कर ग्राम भगतपुर धनेली प्रधानमंत्री सड़क की सुधार तथा मरम्मत कार्य की मांग की गई ताकि आने जाने वाले राहगीरों को राहत व सुविधा मिल सकें।

# जिले में लगातार बढ़ रही बेजा शराबखोरी

## जिले में महज दो माह में गटगी गई 69 करोड की शराब



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शासन-प्रशासन सहित तमाम एनजीओ और स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा कबीरधाम जिले में चलाए जा रहे नशामुक्ति अभियानो और जागरूकता कार्यक्रमों के बीच आबकारी विभाग से प्राप्त आंकड़े न सिर्फ चिंताजनक है बल्कि हैरान और परेशान करने वाले भी हैं।

आबकारी विभाग की माने तो कबीरधाम जिले में बीते दो महिनो में ही जिले के लोग 69 करोड़ की शराब डकार गए है। इस आंकड़े को देखकर समझा जा सकता है की कबीरधाम जिले में किस हद तक शराबखोरी बढ़ चुकी है और कितनी तेजी से लोग नशे की गिरफ्त में फंस रहे हैं। जाहिर सी बात है कि शहर से लेकर गांव-गांव में बह रहे इस शराब के दररिया में जिले के महिला, पुरूष, बुजुर्ग, युवा और नाबालिग भी गोताा लगा रहे हैं।

लेकिन जिला आबकारी विभाग इस बात को लेकर फूला नहीं समा रहा है कि वर्ष 2025 के जनवरी और फरवरी माह में जिले की सरकारी शराब दुकानों से उसने 69 करोड़ धमाकेदार कारोबार किया है और शराब का धंधा करने वाला विभाग यह कहने से भी नहीं चूक रहा है कि कारोबार के लिहाज से वर्ष 2025 उसके लिए फलदायी है। विभागीय जनकारी के मुताबिक वर्ष 2025 की तुलनना में वर्ष 2024 के जनवरी फरवरी माह में जिले में विभाग द्वारा 47 करोड़ की शराब बिक्री की थी।

लेकिन इस बार जिले में सम्पन्न हुए नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों के चलते शराब की खपत बीते वर्ष की अपेक्षा अधिक रही और इस बार का आंकड़ा 47 करोड़ से बढ़ कर 69 करोड़ पहुंच गया। निश्चित रूप से यह आंकड़ा सरकार के राजस्व के लिहाज से तो अच्छा कहा जा सकता है लेकिन जहां तक लोगों की सेहद और जिले की छबि के लिहाज से यह आंकड़ा कतई सही नहीं ठहराया जा सकता है।

क्योंकि करीब 10 लाख की आबादी वाले इस छोटे से जिले में अगर लोग महज 60 दिनो में 69 करोड़ रूपए की शराब गटक रहे हैं तो समझा जा सकता है कि कबीरधाम जिला और यहां के बासिंदे किस दिशा में जा रहे हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी लेने के लिए जिला आबकारी अधिकारी से संपर्क किया गया लेकिन वे उपलब्ध नहीं हो पाए।

# सीजी बोर्ड परीक्षा का शुभारंभ आज से

**जिले के कुल 8715 पंजीकृत परीक्षार्थी होंगे शामिल, बनाए गए कुल 68 परीक्षा केन्द्र**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा 1 मार्च से आयोजित की जाने वाली बोर्ड परिक्षाओं की तैयारियां पूरी कर ली गई है। सीजी बोर्ड परिक्षाओं का श्री गणेश 1 मार्च दिन शनिवार को कक्षा बारहवीं की परीक्षा के साथ होगा।

स्कूल शिक्षा विभाग एवं जिला प्रशासन ने कक्षा दसवीं एवं कक्षा बारहवीं की बोर्ड परिक्षाओं को जिले में व्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संचालित कराने के लिए जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों में आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली है। माध्यमिक शिक्षा मण्डल छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा



निर्धारित कार्यक्रम के तहत 1 मार्च से कक्षा बारहवीं की बोर्ड परीक्षाएं प्रारंभ की जाएंगी जो 28 मार्च तक चलेंगी। इसी प्रकार 3 मार्च से दसवीं की बोर्ड परिक्षाएं आयोजित की जाएंगी जो 24 मार्च तक चलेंगी। जिला स्कूल शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इस वर्ष जिले में कक्षा बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में कुल 8715 पंजीकृत परिक्षार्थी शामिल होंगे जिनके लिए जिले में कुल 68 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं वहीं कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में कुल 12467 पंजीकृत परिक्षार्थी शामिल होंगे। विभाग के अनुसार कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा को व्यवस्थित और सुचारू रूप से संचालित कराने के लिए जिले भर में कुल 75 परीक्षा केन्द्र बनाएं गए है। जिसमें परीक्षा के दौरान सुरक्षा, पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गई है।

इसी प्रकार विभाग द्वारा बोर्ड परिक्षाओं के दौरान नकलचियों पर नजर रखने और नकल को रोकने के लिए विभाग स्तर पर दो उडऩदस्ता गठित किए जा रहे हैं। जो परीक्षा के दौरान सभी परीक्षा केन्द्रों में नजर रखेंगे।




## निक्षय मित्र बनकर टीबी मुक्ति में करें सहयोगः सीएमएचओ डॉ. राज

**कवर्धा।** जिले में टीबी रोग के मरीजों के इलाज और पोषण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीएल राज और जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनुपमा तिवारी के निर्देशन में टीबी मरीजों को पोषण सामग्री वितरित की गई। यह पोषण सामग्री उन मरीजों को दी गई, जिनकी प्रोटीन की आवश्यकताएँ पूरी करने के लिए इसे आवश्यक समझा गया था। निक्षय पोषण योजना की मुख्य विशेषता यह है कि यह जन भागीदारी और जन प्रतिनिधियों के सहयोग से संचालित की जाती है। इस योजना के तहत, सभी से अपील की गई है कि वे बढ़-चढ़कर इस कार्य में शामिल हों और टीबी रोग के मरीजों की मदद करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एल. राज ने टीबी मरीजों को किट प्रदान करते समय इसके उपयोग की विधि से उन्हें अवगत कराया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राज ने बताया कि टीबी मरीजों को सही पोषण मिलने से उनके इलाज में सुधार हो सकता है और टीबी को समाप्त करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है। सभी मरीजों की स्वास्थ्य स्थिति का भी मुआयना किया गया और उनसे उनकी सेहत के बारे में जानकारी ली गई। कार्यक्रम में एनटीईपी स्टाफ नितिन सोनी द्वारा टीबी मरीजों के लिए सहयोग राशि प्रदान की गई। डॉ. राज ने इस अवसर पर जिले के नागरिकों और जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे निक्षय मित्र बनकर इस योजना में सक्रिय रूप से भाग लें। उन्होंने बताया कि जन भागीदारी के माध्यम से ही टीबी को जड़ से समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि टीबी मुक्ति अभियान को सफल बनाने के लिए सभी को एकजुट होना होगा। यदि हम सभी मिलकर प्रयास करें तो इस रोग को पूरी तरह से खत्म किया जा सकता है।

**अपनी जिम्मेदारियों को और भी उत्साह और समर्पण के साथ निभाया**

# जिला कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड-02 सुरेश देवांगन को दी गई भावभीनी विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड-02 सुरेश देवांगन को शनिवार को उनके उत्कृष्ट कार्यकाल के बाद भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह में अपर कलेक्टर मुकेश रावटे, नरेन्द्र पैकरा, विनय पोयाम और डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन ने सुरेश देवांगन को पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका सम्मान किया। सुरेश देवांगन ने 15 फरवरी 1999 को सहायक ग्रेड-03 के पद पर नियुक्ति प्राप्त की थी और तब से उन्होंने जिला कार्यालय में विभिन्न शाखाओं में अपनी सेवाएं दीं।

अपने 26 साल के करियर में उन्होंने साख्यिकी लिपिक, खाद्य शाखा, खनिज शाखा, प्रोटोकॉल शाखा, वरिष्ठ लिपिक, लाईसेंस शाखा, डीएमएफ और जिला नाजिर शाखा जैसी महत्वपूर्ण शाखाओं में कार्य किया। सुरेश देवांगन 20 जुलाई 2007 को उन्हें सहायक ग्रेड-02 के पद पर पदोन्नति मिली, जिसके बाद उन्होंने अपनी जिम्मेदारियों को और भी उत्साह और समर्पण के साथ निभाया।

श्री देवांगन ने अपने सेवा काल में निरंतर 26 वर्षों, 1 सप्ताह और 6 दिन तक कलेक्टोरेट के विभिन्न विभागों में कार्य किया। उनके कार्यकाल के दौरान उन्होंने न केवल अपने विभागीय कार्यों को पूरी ईमानदारी और मेहनत से अंजाम दिया, बल्कि सहकर्मियों के साथ अपनी उत्कृष्ट कार्यशैली और सहयोग भावना से भी सभी का दिल जीता। उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। विदाई समारोह में आयोजित कार्यक्रम में उनके समर्पण और कार्यकुशलता की सराहना की गई, और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

## खबर संक्षेप

### शासकीय प्राथमिक शाला मक्के में विद्यार्थियों को कराया न्योता भोज



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक शाला मक्के में छात्र छात्राओं के अच्छे स्वास्थ्य के लिए पोषण शक्ति निर्माण अंतर्गत छत्तीसगढ़ शासन प्रशासन द्वारा सभी शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में न्योता भोजन की शुरूआत किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज व शालाओं के मध्य आपसी संबंध व ताल-मेल में स्थापित करना है, न्योता भोजन में शाला परिवार व सामाजिक गणमान्य नागरिकों द्वारा छात्र-छात्राओं को पोषण आहार प्रदान किया जाना है। जिसे विद्यार्थियों को एमडीएम के साथ-साथ अन्य पोषण आहार प्राप्त हो, इस न्योता भोज के तहत जन्मदिन के अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मक्के के शिक्षक युगल किशोर साहू ने सभी विद्यार्थियों को मिठाई, केला, पूड़ी-सब्जी परोसा गया। जिसमें प्रधान पाठक श्रीमती एलवीना विलसन, प्रधान पाठक कपूरराम चंद्रवंशी, शिक्षक अशोक पाण्डेय, रामसिंह साहू, रामशरण मरावी, सुरतिया साहू, निर्मल कुमार पात्रे, कौशल खांडे, देव साहू तथा शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष अयोध्या साहू, उपाध्यक्ष श्रीमती दुखिया साहू, ग्राम पटेल कुमार साहू, नन्दराम साहू तथा शाला प्रबंधन समिति के सभी सदस्य व रसोईया सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

### महाशिवरात्रि पर नर्मदेश्वर शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा की गई



**हरिभूमि बरबसपुर।** महाशिवरात्रि के अवसर पर शहर सहित क्षेत्र में भगवान महाकाल की भव्य झांकी निकाली गई। वहीं महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर मंदिर शिवालयों में सुबह से देर रात तक विधि-विधान से महाकाल भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की गई। जिला मुख्यालय से लगभग 7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित औद्योगिक क्षेत्र हरिनछपरा परिषर पर नर्मदेश्वर शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा किया गया। औद्योगिक क्षेत्र में शिव मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा व स्थापना विधि विधान से पूजा अर्चना कर किया गया, जिसमें आसपास क्षेत्र के भक्तजनों तथा श्रद्धालु की भारी भीड़ उमड़ी।

### रैतापारा में निःशुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन, ग्रामीण जन हुए लाभांवित




**हरिभूमि कवर्धा।** विकासखंड पंडरिया के आदर्श ग्राम रैतापारा में शुक्रवार को मां महामाया मंदिर परिषर में डोंगरिया निवासी स्व. माखन लाल चन्द्रवंशी की पुण्य स्मृति में प्रदेश ख्याति प्राप्त एमजीएम संस्थान रायपुर के तत्वधान में सैकड़ों नेत्र रोगी का जांच एवं परामर्श शिविर आयोजित किया गया।। जिसमें मोतियाबिंद रोगी मरीजों का निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराया गया। जनपद पंचायत पंडरिया क्षेत्र क्रमांक 22 जनपद सदस्य प्रतिनिधि तुकेश चन्द्रवंशी ने बताया की एमजीएम आंख संस्थान रायपुर द्वारा प्रत्येक वर्ष यह नेत्र जांच एवं परामर्श शिविर आयोजित किया जाता है। जिसमें बड़ी संख्या में नेत्र से संबंधित मरीज अपना निःशुल्क इलाज कराने में सक्षम हों पाते हैं। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य वृद्ध जनों का नेत्र रोग जांच कर उनकी आंख की रोशनी वापस आ जाएं इसके लिए प्रयासरत हैं। इस शिविर में ग्राम रैतापारा सहित आसपास क्षेत्र के 35 से अधिक मोतियाबिंद रोगी का इलाज रायपुर स्थित अस्पताल में होंगा। इस शिविर में प्रमुख रूप से ग्राम रैतापारा के गणमान्य नागरिक एवं अभाविप के तुलसी यादव, अजय कुमार, खेमलाल, मानस, इसकुमार, नागेश्वर, भूपेंद्र, विकास, मनीष, तुषार एवं ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

### संस्कार पब्लिक स्कूल में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया वार्षिकोत्सव




**हरिभूमि कोलेगांव।** संस्कार पब्लिक स्कूल कोलेगांव में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी वार्षिकोत्सव धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा शानदार मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया साथ ही साथ कक्षा 10वीं के छात्र छात्राओं को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस वार्षिकोत्सव व विदाई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामाधार शर्मा, कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि विद्यालय संचालन समिति सेमरकोना राधेकृष्ण, बाल शिक्षण समिति अध्यक्ष निरंजन दास वैष्णव, श्रवण यदु, बैजनाथ सिंगरौल, भागबली साहू, डॉ संतोष साहू, डॉ दिनेश साहू, कुलेश्वर साहू, नव निर्वाचित सरपंच प्रतिनिधि मोहन जांगड़े, संतोष सिंगरौल, रामेश्वर साहू, डॉ प्रमोद साहू व आसपास के गणमान्य नागरिकों गण उपस्थित थें। वहीं इस वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की सफलता का श्रेय संस्था के प्राचार्य विजय कुमार वैष्णव ने संस्था में कार्यरत सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के अथक मेहनत को दिया।

# विधायक भावना ने विधानसभा के पटल में रखे क्षेत्र के ज्वलंत मुद्दे

- विधायक ने पंडरिया विधानसभा में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना, स्वास्थ्य सुविधाओं व 15वें वित्त आयोग से जुड़े प्रमुख विषयों पर विधानसभा में उठाया प्रश्न?

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा**

छत्तीसगढ़ विधानसभा सत्र के चौथे दिन पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने



पंडरिया विधानसभा में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत सड़क निर्माण कार्यों के संबंध में प्रश्न किया, इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना और 15वें वित्त आयोग की राशि के आवंटन एवं व्यय तथा प्रदेश में स्थित शासकीय अस्पतालों में गंभीर रोगों के उपचार हेतु सुविधाओं के बारे में प्रश्न किया।

श्रीमती भावना बोहरा ने प्रश्न करते हुए पूछा कि पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत कौन-कौन सी और कितनी सड़कें आती हैं और उनकी कुल लंबाई कितनी है? वर्ष 2024-25 में 31 जनवरी 2025 तक इनमें से कितनी सड़कों हेतु टेंडर जारी किया गया है? टेंडर जारी करने के पश्चात कितने सड़कों का कार्य पूर्ण किया गया है एवं कितनी सड़कों का निर्माण जारी है और शेष सड़कों हेतु कब तक टेंडर जारी किए जाएंगे? जिसके प्रति उत्तर में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना के तहत पंडरिया विधानसभा अंतर्गत कुल 50 सड़के जिसकी लम्बाई 140.35 किलोमीटर है, उनका निर्माण कार्य किया गया है, जिसमें वर्ष 2024-25 में 31 जनवरी 2025 तक उक्त सड़कों में से 04 सड़कों हेतु टेंडर जारी किया गया है। टेंडर जारी करने के पश्चात पूर्ण कार्यों की संख्या निरंक है एवं 04 सड़कों नवापारा ठाठापुर से मोहभट्टा, मोहभट्टा से भिखमपुर, रगरा से गौरमाटी एवं कपरीकला के बाजार चौक से ग्राम पंचायत अमलडीहा तक का निर्माण कार्य प्रगतिरत है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत पंडरिया विधानसभा अंतर्गत लगभग 50 सड़कें आती हैं जिसमें से 37 सड़क की स्थिति बहुत ही जर्जर है और पंडरिया विधानसभा की लगभग सभी सड़कों की यही स्थिति है। पिछले एक वर्ष में इन सड़कों की मरम्मत के लिए 4 बार विभागीय प्रस्ताव आ चुका है, लेकिन 37 में केवल 4 सड़कों को जनवरी माह के अंत में स्वीकृति मिली है और बाकी सड़कों की स्वीकृति कब मिलेगी। इसके साथ ही उन्होंने कुम्ही से कोल्हारी कांपा सड़क निर्माण के संबंध में भी उन्होंने प्रश्न किया और पंडरिया विधानसभा में जर्जर सड़कों के जल्द निर्माण के लिए उन्होंने सदन में अपनी बात रखी।

## 15वें वित्त आयोग कब से कब तक प्रभावशील है?: विधायक


विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने पूछा कि 15वें वित्त आयोग कब से कब तक प्रभावशील है? वित्त आयोग की अनुशंसा में 1 अप्रैल 2020 तक से 31 जनवरी 2025 तक कितनी राशि जिले में पंचायतों को किस आधार पर प्राप्त हुई? पंचायत वित्त आयोग से प्राप्त राशि का उपयोग किस आधार पर करती है? क्या पंचायत हेतु वार्षिक तौर पर राशि की कोई सीमा तय की गई है? जिसके प्रतिउत्तर में लिखित जवाब देते हुए गृह मंत्री ने बताया कि 15वें वित्त आयोग 01 अप्रैल 2020 से 31 मार्च 2026 तक प्रभावशील है। 01 अप्रैल 2020 से 31 जनवरी 2025 तक राशि रूपए 207,12,71,976.00 जिले को जनगणना वर्ष 2011 के अनुसार उनकी ग्रामीण जनसंख्या व क्षेत्रफल के अनुपात में प्राप्त हुई है। पंचायते 15वें वित्त आयोग से प्राप्त राशि का उपयोग शासन के निर्देशानुसार जिला स्तर पर जिला पंचायत विकास योजना (डीपीडीपी), जनपद पंचायत स्तर पर जनपद पंचायत विकास योजना (बीपीडीपी) का निर्माण कर सामान्य सभा से अनुमोदन पश्चात तथा ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) का निर्माण कर ग्राम सभा से अनुमोदन पश्चात उपयोग किया जा रहा है और पंचायत हेतु वार्षिक तौर पर राशि की कोई सीमा तय की नहीं की गई है।

## स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के संबंध में पूछा प्रश्न?

श्रीमती बोहरा ने स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के संबंध में पूछा कि पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत वर्ष 2023-24 से 1 फरवरी 2025 तक किस-किस मद में, कितनी-कितनी राशि प्राप्त हुई मदवार, वर्षवार एवं विकासखंडवार जानकारी देवें? प्राप्त राशि से जिले में किन-किन कार्यों के लिए या दवा व उपकरण क्रय करने के लिए कितनी राशि खर्च की गई? लिखित उत्तर देते हुए लोक स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया कि पंडरिया ब्लॉक अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में आरसीएच, टीकाकरण कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन, राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण, एनपीसीडीसीएस, राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य एवं एचएसएस (आर) के तहत कुल 4 करोड़ 24 लाख 99 हजार एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1 फ़रवरी 2025 तक कुल 1 करोड़ 97 लाख 35 हजार रुपए की राशि खर्च की गई है, वहीं सहसपुर लोहरा ब्लॉक अंतर्गत जीवन दीप समिति, जननी सुरक्षा योजना, अनटाइड फंड, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी प्रोत्साहन राशि के तहत 40 लाख 33 हजार एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 में 31 लाख 27 हजार तथा पिपरिया ब्लॉक अंतर्गत भी वित्तीय वर्ष 2023-24 में 40 लाख 91 हजार तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1 फरवरी 2025 तक 32 लाख 32 हजार रुपए की राशि खर्च की गई है।

## शासकीय अस्पतालों में गंभीर बीमारियों के इलाज हेतु कितने जिलों में क्रिटिकल केयर यूनिट है या बनाने का प्रस्ताव है?

विधायक श्रीमती बोहरा ने प्रदेश के शासकीय अस्पतालों में क्रिटिकल केयर यूनिट निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर प्रश्न करते हुए पूछा कि प्रदेश के शासकीय अस्पतालों में गंभीर बीमारियों के ईलाज हेतु कितने जिलों में क्रिटिकल केयर यूनिट है या बनाने का प्रस्ताव है? यदि है तो इस हेतु कुल कितनी राशि प्रस्तावित है? क्या दुर्ग संभाग के शासकीय अस्पतालों में क्रिटिकल केयर यूनिट का निर्माण किया गया है? यदि हां तो शासकीय अरस्पतालो में एवं इन क्रिटिकल केयर यूनिट में कुल कितने बेड होंगे एवं इस हेतु कुल कितनी राशि का प्रावधान किया गया है? इसके प्रति उत्तर में लिखित जवाब देते हुए लोक स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि प्रदेश में कुल 22 जिलों में 50 बिस्तर व एक जिले में 75 बिस्तर के क्रिटिकल केयर यूनिट स्वीकृत है, जिसके अंतर्गत दुर्ग, कोंडागांव, राजनांदगांव, गरियाबंद, जशपुर, सूरजपुर, सरगुजा, बस्तर, रायगढ़, दंतेवाड़ा, जांजगीर-चाम्पा, मुंगेली, बालौदा बाजार, बलरामपुर, महासमुंद, कबीरधाम, कोरबा, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, सक्ती, सुकमा, कांकेर एवं रायपुर में प्रस्तावित प्रति क्रिटिकल केयर हेतु 23 करोड़ 75 लाख और बिलासपुर जिले में 75 बिस्तर के क्रिटिकल केयर यूनिट निर्माणाधीन है जिसके लिए 36 करोड़ 35 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है।




नगर पंचायत
सहसपुर लोहारा के
अध्यक्ष एवं पार्षदगणों के
शपथ ग्रहण
समारोह
में पधार रहे मा. उपमुख्यमंत्री, गृहमंत्री
मा.श्री विजय शर्मा जी
एवं
मा.श्री संतोष पाण्डेय जी
सांसद राजनादगांव लोकसभा का
हार्दिक स्वागत...अभिनंदन...
संतोष मिश्रा
अध्यक्ष, नगर पंचायत सहसपुर लोहारा
दिनांक 01 मार्च 2025, दिन शनिवार, स्थान - शीतला मंदिर प्रांगण
लोक कला मंच
लवधारा की प्रस्तुति दोपहर 12 बजे से...
शपथ ग्रहण
नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षदगण
दोपहर 2 बजे से
मा.श्री विजय शर्मा
उपमुख्यमंत्री, गृहमंत्री (छ.ग. शासन)
मा.श्री संतोष पाण्डेय
सांसद, राजनादगांव लोकसभा
विनीत : एक शुभचिंतक सहसपुर लोहारा


शपथ समारोह
नगर पंचायत बोड़ला
शपथ समारोह में पधारे
समस्त अतिथियों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन...
ओमप्रकाश शर्मा
पार्षद वार्ड न. 01 नगर पंचायत बोड़ला
सुन्ती बाई निर्मलकर
पार्षद वार्ड न. 02 नगर पंचायत बोड़ला
लव निर्मलकर
पार्षद वार्ड न. 03 नगर पंचायत बोड़ला
भागवत पटेल
पार्षद वार्ड न. 04 नगर पंचायत बोड़ला
जस्सू पटेल
पार्षद वार्ड न. 05 नगर पंचायत बोड़ला
लक्ष्मण सत्यवंशी
पार्षद वार्ड न. 06 नगर पंचायत बोड़ला
नरेश साहू
पार्षद वार्ड न. 07 नगर पंचायत बोड़ला
खुशबू कश्यप
पार्षद वार्ड न. 08 नगर पंचायत बोड़ला
संदीप गुप्ता
पार्षद वार्ड न. 09 नगर पंचायत बोड़ला
सोमनाथ धुर्वे
पार्षद वार्ड न. 10 नगर पंचायत बोड़ला
बेबी सत्यवंशी
पार्षद वार्ड न. 11 नगर पंचायत बोड़ला
चन्द्रिका धुर्वे
पार्षद वार्ड न. 12 नगर पंचायत बोड़ला
सत्यप्रकाश सत्यवंशी
पार्षद वार्ड न. 13 नगर पंचायत बोड़ला
अमरौतिन पटेल
पार्षद वार्ड न. 14 नगर पंचायत बोड़ला
श्रीबती खुशरो
पार्षद वार्ड न. 15 नगर पंचायत बोड़ला
श्री विजय पाटिल जी
अध्यक्ष
नगर पंचायत बोड़ला
-: समय :-
शाम :- 04 बजे से प्रारंभ
कार्यक्रम दिनाँक व स्थल
दिनाँक - 01-03-2025, शनिवार
स्थान - शास. माध्यमिक शाला, बोड़ला
शाम 04 बजे से .....
विनीत- मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत बोड़ला


भाजपा म हे मोर विश्वास
हर नगर म होही विकास
शपथ ग्रहण समारोह
नगर पंचायत, पांडातराई की
नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों के
शपथ ग्रहण समारोह में
आप सभी का हार्दिक अभिनंदन...
दिनांक : 01 मार्च 2025, शनिवार
सुबह : 11 बजे
स्थान : सामुदायिक भवन,
वार्ड क्रमांक- 01 पांडातराई
भावना बोहरा
विधायक, पंडरिया विधानसभा
सरिता सोनी
अध्यक्ष, नगर पंचायत पांडातराई
मनोज ठाकुर
श्रीमती बिंदू साहू
संजय चन्द्रवंशी
रामू पाण्डेय
श्रीतमी ऋतू मिश्रा
सूर्यकांत सोनी
सुशील गुप्ता
श्रीमती सवित्री चन्द्रवंशी
श्रीमती भगवती कुम्भकार
विनीत : समस्त भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी, नगर पंचायत, पांडातराई